मैथिल कवि विद्यापति ठक्कुर कृत

कीर्तिलता

संपादक

बाबूराम सक्सेना एम० ए० डी० लिट्०

नागरीप्रचारिणी सभा, काशी

प्रकाशक—नागरीप्रचारिणी सभा, काशी
मुद्रक—महताब राय, नागरी मुद्रण, काशी
तृतीय संस्करण २०००, सं० २०१४
मूल्य ३॥)

श्री

कीर्तिलता

उपोद्घात

तीन साल के लगभग हुए जब नागरी-प्रचारिणी सभा के मन्त्री ने कीर्तिलता के संस्करण का भार मुझ पर सौंपा। उन्होंने समझा मैथिल-रचित ग्रन्थ है इसका संस्करण मैथिल के द्वारा होना चाहिये। पर जब मैंने इस ग्रन्थ को देखा तो इसकी भाषा संस्कृत तथा आधुनिक मैथिल दोनों से इतनी भिन्न देख पड़ी कि इस भार के उठाने का साहस शिथिल होने लगा—विशेषतः इस दृष्टि से कि इस ग्रन्थ के संस्कर्ता को भाषाविज्ञानवेत्ता होना आवश्यक है। उत्साह तो शिथिल हुआ पर काम लौटा दूँ सो भी उचित नहीं जान पड़ा। फिर स्मरण हुआ कि मेरे प्राचीन शिष्य श्रीमान् बाबूराम सक्सेना एम० ए० ने, जो आजकल इलाहाबाद विश्वविद्यालय में संस्कृत अध्यापक हैं, भाषाविज्ञान में अच्छा परिश्रम किया है। इसलिये इस भार को मैंने उन्हीं के ऊपर सौंप दिया। कभी-कभी बाबूरामजी को संदेह होता था तो मुझसे पूछ लिया करते थे। पर सहायता मुझसे बहुत नहीं मिल सकती थी। मैं बाबूरामजी का बड़ा कृतज्ञ हूँ। जैसी सुन्दर रीति से उन्होंने ग्रन्थ का सम्पादन किया है मुझसे कभी नहीं हो सकता था। आशा है नागरी-

प्रचारिणी सभा तथा हिन्दी-रसिक-समाज इस कार्य से सन्तुष्ट होंगे, मुझसे साक्षात् यह काम नहीं हो सका इस अपराध को क्षमा करेंगे।

कीर्तिलता की भाषा के वैशिष्ट्य के प्रसंग में बाबूरामजी एक लेख लिख रहे हैं सो पृथक् प्रकाशित होगा। 'भूमिका' इत्यादि में उतने लम्बे लेख का स्थान नहीं हो सकता।

विश्वविद्यालय
प्रयाग
१७-६-२६

गङ्गानाथ झा

भूमिका

सामग्री

१. प्रस्तुत पुस्तक को तय्यार करने के लिए नीचे लिखी पुस्तकों का उपयोग किया गया है—

पोथी (क)—यह ६ इञ्च × ४½ साइज़ के २६ पन्नों (५० पृष्ठों) में मूल नेपाल दर्बार के पुस्तकालय में रक्खी हुई कीर्तिलता की नकल है। मूल पुस्तक का विवरण यहाँ पृ० ११४ पर दिया है। नकल में प्रत्येक पृष्ठ में सात लाइनें हैं, केवल अंतिम में पाँच। प्रस्तुत संस्करण तैयार करने के लिए महा-महोपाध्याय डा. श्री. गंगानाथ झा ने यह नकल करवाकर मँगवाई थी।

पोथी (ख)—यह ७ इञ्च × ३¾ साइज़ के २६ पन्नों (५१ पृष्ठों) में हस्तलिखित प्रति है। इसे काशी-नागरी-प्रचारिणी सभा ने पं० महादेवप्रसाद चतुर्वेदी (ग्रा० असनी, अश्विनीकुमार का मन्दिर, जिला फ़तहपुर) से अपने किसी कर्मचारी द्वारा प्राप्त किया था।

पुस्तक (शा०)—यह कीर्तिलता का छपा हुआ बँगला संस्करण है। पं० हरप्रसाद शास्त्री अपनी नेपाल-यात्रा के समय दर्बार पुस्तकालय की प्रति की नकल करा लाए थे और फिर मूल पोथी मँगाकर उससे तुलना करके नकल को यत्र-तत्र शुद्ध कर लिया था। उसी को एक विद्वत्तापूर्ण बँगला भूमिका और अनुवाद के साथ बंगीय सन् १३३१ में सम्पादित करके छपवाया। सम्पूर्ण पुस्तक बँगला अक्षरों में है।

२. प्रस्तुत संस्करण का पाठ उपरिलिखित तीन पुस्तकों से तय्यार किया गया है। पोथी (क) और शास्त्रीजी की पोथी दोनों एक ही मूल पुस्तक पर निर्भर हैं। लिखने की अशुद्धि अथवा प्रमाद के कारण कहीं कहीं इन दोनों में पाठ की विभिन्नता है, इसको फ़ुटनोट में दिखला देने का प्रयत्न किया गया है। पाठ तय्यार करते समय प्रायः सम्पूर्णतया (क) पोथी का ही आश्रय लिया गया है। फ़ुटनोट के पाठ प्रायः सभी (ख)

पुस्तक के हैं, जहाँ-जहाँ (ख) पुस्तक के पाठ को अच्छा समझा गया है वहाँ (क) पोथी का पाठ निर्देश करके फुटनोट में दे दिया गया है। इसी प्रकार शास्त्रीजी के संस्करण का पाठ (शा०) निर्देश करके फुटनोट में दिया गया है। फुटनोट में जहाँ (क) अथवा (शा०) यह निर्देश न हो वहाँ (ख) समझ लेना चाहिए।

(ख) पुस्तक का महत्त्व इस बात में है कि वह मूल प्रति जो नेपाल दर्बार के पुस्तकालय में है उसकी नकल नहीं है। इसका पता नहीं कि यह कब उतारी गई और किस प्रति से। इसके पाठ प्रायः अशुद्ध हैं, लेखक को संस्कृत का ज्ञान बिलकुल नहीं था। पाठ-भेद का विवेचन करने से यह मालूम पड़ता है कि यह कहीं इसी प्रान्त में लिखी गई, मैथिली विशेषताओं के स्थान में प्रायः इसमें पूर्वी हिंदी की विशेषताएँ मिलती हैं। इस पोथी के पत्र ७ का फोटो दिया जा रहा है।

शास्त्रीजी की पुस्तक का महत्त्व उसके पाठ के लिए उतना नहीं है जितना उसकी भूमिका और अनुवाद के लिए। कीर्तिलता ऐसी पुरानी पुस्तक का ठीक अर्थ निकाल लेना असम्भव नहीं तो दुष्कर अवश्य है। पाठक को पद-पद पर ऐसे शब्द मिलेंगे जिनका अर्थ न कोई कोश बताता है न व्याकरण। ऐसे स्थलों में शास्त्रीजी के अनुवाद से यथेष्ट सहायता मिली है। कहीं-कहीं अनुवाद करने में उनकी लगाई हुई अटकल भ्रमात्मक जान पड़ती है। ऐसे स्थानों पर या तो हमने अपनी मति के अनुसार अनुवाद करके प्रश्नात्मक चिह्न बना दिया है या अनुवाद किया ही नहीं है। परन्तु ऐसे स्थल बहुत कम हैं। (ख) पुस्तक के पाठ से तुलना करके भी कहीं-कहीं अर्थ का भास हो गया है। भाषाविज्ञान की ओर दृष्टि रखते हुए शास्त्रीजी का अनुवाद स्थान-स्थान पर अशुद्ध जान पड़ा। वहाँ भी हमने अनुवाद शुद्ध करने का प्रयत्न किया है। एक आध प्राचीन मैथिल पंडित से भी सहायता लेने का प्रयत्न किया गया परन्तु इस भाषा पर उनका पांडित्य भी अधिक काम में नहीं आया।

———

कीर्तिलता के कर्ता

विद्यापति

कीर्तिलता के लेखक सुप्रसिद्ध कवि विद्यापति ठक्कुर हैं। बहुत दिनों तक विद्यापति को बंगाली समझा जाता रहा। परन्तु अब यह पूरी तरह निश्चित है कि यह मिथिला प्रदेश के निवासी थे, वहीं इनका जन्म हुआ, वहीं इनका जीवन कटा और वहीं यह पञ्चतत्त्व को प्राप्त हुए।

इनका निवासस्थान बिसपी ग्राम था। इसे गढ़बिसपी भी कहते थे। यह गाँव दरभंगा जिला में कमतौल स्टेशन से चार मील पर है। इसमें इनके पूर्वज बहुत दिनों से रहते आए थे। इनकी वंशावली[1] इस प्रकार है—

त्रिपाठी कर्मादित्य ठक्कुर
|
देवादित्य सान्धिविग्रहिक
|
वीरेश्वर[2] — गणेश्वर — जयदत्त

- वीरेश्वर → चण्डेश्वर
- गणेश्वर → रामदत्त
- जयदत्त → गणपति ठक्कुर → विद्यापति

१—यह वंशावली डा० सुनीतिकुमार चटर्जी के अँगरेजी लेख 'कविशेखराचार्य ज्योतिरीश्वर' (चौथी ओरिवेंटल कान्फरेंस १६२६) से ली गई है।

२—इनके नाम का एक मठ मधीगाछी (जि० दरभंगा) से चार मील पूरब है।

इस वंश के प्रायः सभी लोग असाधारण पण्डित थे। कोई-कोई इसके अतिरिक्त राजाओं के प्रतिष्ठित मन्त्री भी थे।

कर्मादित्य त्रिपाठी राजमन्त्री थे और इस वश के आदि पुरुष विष्णु शर्मा ठक्कुर के पोते थे। इनका नाम मिथिला के तिलकेश्वर नाम के शिवमठ की कीर्तिशिला मे खुदा है और ल० सेन का २१३ सवत्[1] दिया है। देवादित्य के नाम के साथ सान्धिविग्रहिक पद मिलता है जिससे पता चलता है कि यह जिस राजा के कर्मचारी थे उसके शत्रु के साथ सन्धि अथवा संग्राम करने का इनको पूर्ण अधिकार था। विद्यापति के पितामह जयदत्त के दूर के चचेरे भाई ज्योतिरीश्वर कविशेखराचार्य थे। इन्होंने संस्कृत भाषा मे 'पञ्चसायक', 'धूर्तसमागम', 'रङ्गशेखर' और मैथिली मे 'वर्णरत्नाकर' ग्रन्थ बनाए जो बडे महत्व के हैं। वीरेश्वर ठक्कुर भी राजमन्त्री थे और इन्होंने 'छन्दोग दश कर्म पद्धति' नाम की पुस्तक लिखी। यह पुस्तक अब भी मिथिला मे प्रचलित है। वीरेश्वर के पुत्र चण्डेश्वर ने 'विवाद-रत्नाकर', 'राजनीतिरत्नाकर' आदि सात रत्नाकर ग्रन्थों की रचना की थी। विद्यापति के पिता गणपति ठक्कुर कीर्तिलता के नायक कीर्तिसिंह के पिता गणेश्वर के सभापंडित तथा मन्त्री थे। गणपति ठक्कुर ने गगाभक्ति तरगिणी नाम की पुस्तक लिखी। इस प्रकार इस वश मे सरस्वती देवी की पूर्ण भक्ति से पूजा होती रही। विद्यापति इस वंश के सबसे जाज्वल्यमान रत्न हुए।

विद्यापति को इनके पिता राजा गणेश्वर के दरबार मे अपने साथ ले जाया करते थे। इन्होंने विद्याध्ययन प० हरिमिश्र से किया था। हरिमिश्र के भतीजे प्रख्यात पक्षधर मिश्र इनके सहपाठी थे। विद्यापति ने कीर्तिसिंह की कीर्ति फैलाने के लिये दो पुस्तकें लिखीं—कीर्तिलता और कीर्तिपताका। कीर्तिसिंह के उत्तराधिकारी देवसिंह के विषय

१—राजा लक्ष्मण सेन १११६ ई० मे राजगद्दी पर बैठे तब से उनका सम्वत् प्रारम्भ होता है।

में भी विद्यापति के कई पद मिलते हैं। इसके उपरांत देवसिंह के पुत्र शिवसिंह महाराज के विषय में विद्यापति के सैकड़ों पद हैं ! शिवसिंह की मृत्यु के उपरांत राजा पुरादित्य के यहाँ यह रहे। तदनंतर शिवसिंह के उत्तराधिकारी पद्मसिंह और हरिसिंह के लिये भी इन्होंने ग्रन्थ रचे। इनकी अंतिम रचना भक्तितरंगिणी धीरसिंह के राजत्वकाल में समाप्त हुई।

इन बातों से सिद्ध होता है कि विद्यापति चिरकाल तक जीवित रहे। कीर्तिलता से पता चलता है कि गणेश्वर राजा का वध ल० सं० संवत् २५२ में हुआ। विद्यापति गणेश्वर की सभा में अपने पिता गणपति ठक्कुर के साथ जाया करते थे, इसलिये गणेश्वर की मृत्यु के समय इनकी अवस्था दस बारह साल की अवश्य रही होगी। धीरसिंह के राजत्वकाल में प्राकृत महाकाव्य 'सेतुबंध' की 'सेतुदर्पणी' नाम की एक टीका लिखी गई थी, उसमें ३२१ ल० सं० में धीरसिंह राज्यासन पर विराजमान बताए गए हैं। इन्हीं धीरसिंह के समय में विद्यापति ने अपनी दुर्गाभक्तितरंगिणी समाप्त की थी। विद्यापति को २९३ ल० सं० में बिसपी ग्राम दान में राजा शिवसिंह से मिला था। इस दान का ताम्रपत्र अब भी मौजूद है। विद्यापति का निम्नलिखित पद देवसिंह (शिवसिंह के पिता) की मृत्यु के विषय में मिलता है:—

अनल[३] रन्ध्र[९] कर[२] लक्खन नरवइ सक समुद्द[४] कर[२] अगिनि[३] सस[१]।
चैत कारि छटि जेठा मिलिओ वार वेहप्पय जाहु लसी॥
देवसिंह जु पुहुमि छड्डिअ अद्धासन सुर राअ सरू।

इससे पता चलता है कि ल० सं० २९३ में देवसिंह की मृत्यु हुई और उसी वर्ष शिवसिंह राजगद्दी पर बैठे और बिसपी गाँव विद्यापति को प्रदान किया। मिथिला में यह जनश्रुति प्रचलित है कि शिवसिंह पचास वर्ष की अवस्था में गद्दी पर बैठे और विद्यापति अवस्था में इनसे दो वर्ष

बड़े थे। इस प्रकार २९३ मे विद्यापति की ५२ वर्ष की अवस्था मालूम पड़ती है। अतएव इनका जन्म ल० स० २४१ में हुआ होगा। विद्यापति की मृत्यु की तिथि का ठीक-ठीक पता नहीं चलता। शिवसिंह के राजगद्दी पर बैठने के तीन ही वर्ष बाद अर्थात् ल० सं० २९६ में उन पर मुसल्मान सेना ने चढ़ाई की और सग्रामभूमि से वह घर नहीं लौटे। तब विद्यापति लखिमा देवी को साथ ले जाकर राजबनौली में जाकर रहे। यहाँ २९९ ल० स० में राजा पौरादित्य के लिये 'लिखनावली' रची और यहीं ३०९ में 'भागवत' का एक प्रति लिखना समाप्त किया। इसलिये ३०९ तक अर्थात् ६९ वर्ष की आयु तक इनका जीवित रहना प्रमाण-सगत है। इनकी अंतिम रचना दुर्गाभक्तितरंगिणी राजा धीरसिंह के समय में समाप्त हुई। धीरसिंह का ठीक ठीक राजकाल जब तक न मालूम हो, और यह न मालूम हो कि दुर्गाभक्तितरंगिणी राजकाल के किस वर्ष में समाप्त हुई तब तक कुछ निश्चय इसी आधार पर नहीं किया जा सकता। केवल इतना मालूम है कि ३२१ ल० सं० में धीरसिंह राजासन पर विराजमान थे।

विद्यापति का एक पद यह है:—

सपन देखल हम सिवसिंघ भूप।
बतिस बरस पर सामर रूप॥
बहुत देखल गुरुजन प्राचीन।
आब भेलहुँ हम आयुविहीन॥
सिमदु सिमदु निअ लोचन नीर।
ककरहु काल न राखथि थीर॥
विद्यापति सुगातिक प्रस्ताव।
त्याग के करुना रसक सुभाव॥

इससे पता चलता है कि शिवसिंह की मृत्यु के ३२ वर्ष बाद (३२८ ल० सं० में) विद्यापति को स्वप्न दिखाई दिया, इससे वह ८७-८८ वर्ष

तक जीवित रहे, ऐसा अनुमान युक्तिसंगत जान पड़ता है। संभवतः इसके दो एक वर्ष बाद उनका देहान्त हो गया। इनकी मृत्युतिथि के विषय में

'विद्यापति क आयु अवसान।
कातिक धवल त्रयोदसि जान॥'

यह पद प्रचलित है।

विद्यापति के जीवन की मोटी-मोटी बातें ऊपर दी जा चुकी हैं। इनका ओइनी वंश के राजाओं से विशेष सम्बन्ध रहा। उन्हीं की सभाओं के यह सम्मानित पण्डित रहे। केवल राजा शिवसिंह के लोप के उपरान्त इनका कुछ दिन राजबनौली में रहना सिद्ध होता है।

विद्यापति का पाण्डित्य तथा इनकी कविता का लालित्य इनके जीवन-काल में ही प्रसिद्ध हो गया था। २९३ ल० स०. में जिस ताम्रपत्र द्वारा इनको बिसपी ग्राम दान में मिला था उसमें इनका उल्लेख 'नव-जयदेव महाराजपण्डित' करके किया गया है। यह संस्कृत के अद्वितीय पंडित थे और संस्कृत तथा मैथिली में ग्रंथ निर्माण करने में अतीव पटु।

ऐसा जान पड़ता है कि इन्होंने अपनी अवस्था के अनुसार सब रसों का उपभोग किया था। यह वीरता और दानशीलता के बड़े प्रशंसक थे। यौवनावस्था में इनके पदों को पढ़कर इनकी शृंगार रस की सूझ की प्रशंसा किए बिना नहीं रहा जाता। वृद्धावस्था में इनको वैराग्य और भक्ति से लगन लग गई। बिहार में जनश्रुति है कि जब यह मरणासन्न हुए तो गंगा की ओर पालकी में प्रयाण किया। गंगा के प्रवाह से जब दो कोस यह रह गए तब इन्होंने कहा कि जब मैं गंगामैया के लिये इतनी दूर चलकर आया हूँ तो क्या मैया मेरे लिये दो कोस भी नहीं आ सकती। यह कहकर इन्होंने पालकी वहीं रखवाकर विश्राम किया और कहते हैं कि गंगा का प्रवाह वहीं आकर उनको अपने अन्त-

स्थल में ले गया। इससे विद्यापति की दृढ भक्ति का परिचय मिलता है।

विद्यापति के पदों में शृंगारात्मक पद अधिक हैं और बहुधा कृष्ण और राधा के प्रेम के। इनके पदों का प्रचार बंगाल के वैष्णवों में बहुत ही रहा है। कहते हैं कि श्री चैतन्यदेव इनके पदों को गाते-गाते तल्लीन हो जाते थे। इस बात से लोगों की यह धारणा हो गई थी कि विद्यापति वैष्णव थे। परन्तु यह धारणा भ्रमात्मक है। विद्यापति शिवजी के विशेष उपासक थे और अन्य मैथिल पंडितों की तरह कर्मठ स्मार्त और शक्ति के भक्त थे। बिसपी गाँव से उत्तर भेड़वा गाँव में एक बाणेश्वर महादेव का मन्दिर है। कहते हैं विद्यापति इन्हीं महादेव का पूजा किया करते थे। शृंगारकविता राधाकृष्ण के सहारे करने का और उनके प्रेम की ओट में अपने हृदगत उद्‌गारों को प्रकाशित करने का रवाज उत्तरीय भारत की प्रायः सभी भाषाओं में है।

विद्यापति के पदों के अध्ययन से पता चलता है कि वह बड़े शृंगारी कवि थे। इन पदों में उन्होंने हृदय के उन भावों का स्पष्टता के साथ वर्णन किया है जिनकी भावना भी साधारण कवि नहीं कर सकते। इन पदों को राधाकृष्ण की भक्ति पर आरोपित करना पदपदार्थ के प्रति अन्याय है। पर टीकाटिप्पणीकारों की दौड़ को कौन रोक सकता है? कवि विद्यापति के रसिक होने का परिचय उनके प्रथम ग्रंथ कीर्तिलता के ही पढ़ने से हो जाता है। जौनपुर की वेश्याओं का और वहाँ की बनिनियों का जो वर्णन उन्होंने किया है वह उनके रसिक शृंगारी होने का पूर्ण परिचायक है। 'राधाकृष्ण' का प्रेम भक्तिरूप रहा—हो हो सकता है। पर इधर आकर कवियों ने उस प्रेम का जो वर्णन किया है उसके शब्दों में भक्तिभाव का लेशमात्र भी नहीं भासित होता।

१—वरनी जंकशन स्टेशन के पास विद्यापति का बनवाया एक शिव मन्दिर मौजूद है।

विद्यापति ठक्कुर कोई ६० वर्ष तक जीवित रहे। इनकी पत्नी का स्पष्ट उल्लेख इनके किसी पद में नहीं मिलता। इनके एक पुत्र था जिसका नाम था हरिपति और एक पुत्री जिसको दुलही कहते थे। अपनी कन्या को सम्बोधित करके कवि ने कई पद कहे हैं। इनकी पुत्र-वधू का नाम 'चन्द्रकला' था। 'चन्द्रकलाजी' के नाम की एक कविता लोचन कवि-संग्रहीत 'राजतरंगिणी' में मौजूद है।

विद्यापति के परम मित्र इनके गुरु के भतीजे श्री० पक्षधर मिश्र थे। पक्षधर के विषय में एक कथा प्रसिद्ध है जो मनोरंजक है। विद्यापति ने एक अतिथिशाला बिसपी गाँव में बनवा रक्खी थी जिसमें प्रत्येक अभ्यागत को भोजन कराया जाता था। एक बार विद्यापति-शाला में आकर पूछने लगे कि क्या सबको भोजन कराया गया। सबने कहा हाँ, परन्तु कोने में एक दुर्बलकाय ब्राह्मण देवता बैठे थे, उनको भोजन नहीं मिला था। विद्यापति ने जब पास जाकर देखा तो उनके मित्र पक्षधर निकले। अवहेलना का समाधान करते हुए विद्यापति बोले—

'प्राघुणो घुणवत्कोणे सूक्ष्मत्वान्नोपलक्षितः'

अर्थात् 'अतिथि महाशय घुन के समान छोटे थे इसलिए कोई देख न पाया'। इस पर पक्षधरजी तुरन्त बोल उठे—

'नहि स्थूलधियः पुंसः सूक्ष्मे दृष्टिः प्रजायते'।

अर्थात् 'स्थूलबुद्धि पुरुष की दृष्टि सूक्ष्म वस्तु की ओर नहीं जाती'।

विद्यापति की रचनाएँ

विद्यापति ने संस्कृत और मैथिली में अनेक रचनाएँ की थीं। उनमें से नीचे लिखे ग्रन्थ प्राप्य हैं—

(१) कीर्तिलता—यह इनका प्रथम ग्रंथ है। कहते हैं कि विद्यापति ने इसे २० वर्ष की अवस्था में बनाया था, इसलिये यह इनका प्रथम ग्रंथ माना जाता है। इसका सविस्तर वर्णन आगे किया जायगा।

(२) भूपरिक्रमा—यह भी संस्कृत भाषा में है और आजकल के गजेटियर की तरह है। इसकी मूल कथा यह है कि बलरामजी को शाप दिया गया। तब वह शापग्रस्त होकर प्रायश्चित के लिए प्रत्येक तीर्थ में गए! उसी का वर्णन है और साथ-साथ रोचक कहानियाँ भी दी हैं। यह पुस्तक राजा देवसिंह की आज्ञा से लिखी गई थी।

(३) पुरुषपरीक्षा—यह संस्कृत ग्रन्थ राजा शिवसिंह के समय में उन्हीं की आज्ञा से लिखा गया। इसमें पुरुषों के लक्षण कहानी के रूप में दिए गए हैं। दयावीर, दानवीर, हास्यवीर आदि पुरुषों की कहानियाँ हैं। इसका एक संस्करण मूल संस्कृत और मैथिली अनुवाद सहित दरभंगा में छपा था और एक मूल संस्कृत का सम्करण डा० गगानाथ भा द्वारा सम्पादित वेलवेडियर प्रेस से प्रकाशित हुआ था।

(४) कीर्तिपताका—यह मैथिली का ग्रन्थ है, इसकी एक खंडित प्रति नेपाल दरबार पुस्तकालय में है। 'इसमें प्रेम कविताएँ हैं।'

(५) लिखनावली—यह संस्कृत ग्रंथ राजबनौली के राजा पुरादित्य के लिये २६० ल०सं० में लिखा गया था। इसमें सस्कृत में पत्रव्यवहार करने और प्रशस्ति, तमस्सुक आदि के लिखने के नियम और मसविदे दिए हैं। इसकी दरभगा में छपी एक प्रति डा० गगानाथ भा के पास है।

(६) विभागसार—इस संस्कृतग्रंथ में दायभाग के अनुसार सम्पत्ति के बटवारे के नियम दिए हैं। इसकी प्रति डा. गगानाथ भा के पास है।

(७) वर्षक्रिया (सधवा-कृत्य)—इस संस्कृत ग्रन्थ में बारहो महीनों के पर्वों की विधि दी है।

(८) गयापत्तल—इस संस्कृतग्रन्थ की भी रचना विद्यापति ने की थी परन्तु यह ग्रन्थ अभी खोज में मिला नहीं है। गयाश्राद्धकर्म संबंधी वाक्यों का संग्रह है।

(९) शैवसर्वस्वसार—यह संस्कृत में है। इसमें शिव की पूजा की विधि दी हुई है और साथ ही साथ भवसिंह से लेकर विश्वासदेवी

तक के समय के राजाओं की कीर्तिकथा है। यह ग्रंथ शिवसिंह की मृत्यु के बहुत दिनों बाद रानी विश्वासदेवी के समय में लिखा गया। इसकी एक प्रति महाराज दरभंगा के पुस्तकालय में है।

(१०) गंगावाक्यावली—यह भी संस्कृत में है और गंगास्नान से लेकर गंगातट में दान इत्यादि के संकल्पवाक्यों का संग्रह है। यह भी रानी विश्वासदेवी के समय में लिखी गई।

(११) दानवाक्यावली—यह भी संस्कृतभाषा का ग्रन्थ है और राजा नरसिंहदेव की स्त्री धीरमति को समर्पित किया गया है। इसमें भी प्रधान दान के १२ संकल्प-वाक्यों का संग्रह है।

(१२) इनकी अन्तिम पुस्तक दुर्गाभक्तितरंगिणी है। यह राजा धीरसिंह के समय में समाप्त हुई। इसमें दुर्गापूजा के प्रमाण और प्रयोग दिए हैं। यह ग्रन्थ महाराज दरभंगा की आज्ञा से १६०२ में मुद्रित हुआ।

(१३) पदावली—विद्यापति ने समय समय पर जो पद मैथिली भाषा में विविध विषयों पर कहे थे, उन्हीं के संग्रह को पदावली कहते हैं। राजतरंगिणी के लेखक लोचन के लेखानुसार राजा शिवसिंह ने 'जयत' नाम का एक कायस्थ लड़का विद्यापति के पदों को लेख-बद्ध करने के लिये नियुक्त कर दिया था। पदावली के कई संस्करण निकल चुके हैं। इनमें से बँगला में नगेन्द्रनाथ गुप्त का संस्करण और हिंदी में बा० ब्रजनन्दन सहायजी का संग्रह प्रसिद्ध है। गुप्तजी के संग्रह में ६५४ पद हैं। बा० ब्रजनन्दन सहाय के संग्रह में बहुत कम। विद्यापति के बहुत से पद अभी लेख-बद्ध नहीं हैं। लहेरियासराय के हिन्दी-पुस्तक-भंडार के संचालक श्रीरामवृक्ष शर्मा बेनीपुरी पदावली का एक संस्करण निकालने के लिए सामग्री इकट्ठी कर रहे हैं। उनके 'विद्यापति' को देखकर आशा होती है कि यह संस्करण जब कभी भी निकले, आदरणीय होगा।

विद्यापति के हाथ की लिखी श्रीमद्भागवत की पोथी, जिसका ऊपर उल्लेख किया गया है, दरभंगा से दस कोस दूर तरौनी गांव में जयनारायण झा की विधवा पत्नी के पास सुरक्षित है। ग्रन्थ की पत्र संख्या ५७६ है। प्रत्येक पत्र के दोनों ओर लिखावट है। प्रत्येक पृष्ठ में छः पंक्तियाँ हैं। साइज २ फुट १३ इं० × २३ इं० है। ग्रन्थ के अन्त में लिखा है—

शुभमस्तु सर्व्वजगतां संख्या ल० सं० ३०९ श्रवण शुक्ल १५ कुजे राजबनौली ग्रामे श्री विद्यापति लिपिरियमिति। विद्वानों का मत है कि वस्तुतः यह पोथी विद्यापति की लिखी है।[1]

कीर्तिलता का विषय

विद्यापति के प्रथम आश्रयदाता राजा कीर्तिसिंह थे। इन्हीं की कीर्ति का गुण कीर्तिलता में कवि ने गाया है। ग्रन्थ के आदि में संस्कृत में मंगलाचरण के दो श्लोक हैं, तदनन्तर एक श्लोक में कलयुग की दुरवस्था का वर्णन है जिसमें बताया गया है कि इस युग में कविता बहुत है, सुननेवाले और रसज्ञाता भी बहुत हैं परन्तु दाता दुर्लभ हैं। दाता हैं श्रीकीर्तिसिंह। वह काव्य के पारखी हैं। उनकी कीर्ति के फैलाने की इच्छा कवि के मन में उत्पन्न हुई।

इसके उपरान्त कवि अपनी विनय दिखाता है और कहता है कि उसका काव्य ऐसा वैसा है परन्तु यद्यपि दुर्जन उस पर हँसेंगे तथापि सज्जन उसकी प्रशंसा करेंगे। अपनी कविता के बारे में कवि की एक गर्वोक्ति भी है-विद्यापति की कविता पर दुर्जन की हँसी का कुछ प्रभाव

---

१. विद्यापति के विषय में ऊपर जो कुछ लिखा गया है उसमें श्री हरप्रसाद शास्त्री जी की 'कीर्तिलता' की भूमिका से तथा श्रीरामवृक्ष शर्मा बेनीपुरी के 'विद्यापति' की भूमिका से पूरी सहायता ली गई है।

नहीं पड़ता, यह नित्य ही रसिकजनों का मनोरंजन करती है। इसके उपरान्त भी कवि दो एक छन्दों में सज्जनों की प्रशंसा और दुर्जनों की निन्दा करता है। इसी प्रकार की प्रस्तावना तुलसीदास के रामचरित-मानस की है। वहाँ भी सज्जन और दुर्जन दोनों का विस्तृत वर्णन है।

एक छन्द में कवि देशी भाषा 'अपभ्रंश'[१] में रचना का कारण देकर प्रस्तुत विषय भृङ्गी और भृङ्ग के प्रश्नोत्तर से प्रारंभ करता है। इसी प्रकार कथा कहानी आरंभ करने का ढंग 'तोतामैना' आदि प्रबन्धों में भी है। भृङ्गी पूछती है—'संसार में सार क्या है'? भृङ्ग उत्तर देता है—'मानपूर्वक वीर पुरुष का जीवन'। भृङ्गी पूछती है—'वीरपुरुष कौन है?' भृङ्ग वीर पुरुष के लक्षण देकर दो चार वीर पुरुषों (बलि, रामचन्द्र आदि) के नाम बताता है और अन्त में कीर्तिसिंह का नाम लेता है।' भृङ्गी को इनका चरित सुनने की इच्छा होती है और भृङ्ग उसको कहता है—

'जगत्प्रसिद्ध ओइनी वंश का हाल किस प्रकार कहूँ, जिसमें कामेश्वर, योगीश्वर और गणेश्वर राजा हुए। गणेश्वर के पुत्र श्रीमद्वीरसिंह देव जिनके छोटे भाई राजा कीर्तिसिंह। इन्होंने शत्रु का नाश करके डूबते हुए राज्य का उद्धार किया और रूठी राज्य-लक्ष्मी को फिर मनाकर घर लाए' ॥ १ ॥

भृङ्गी पूछती है कि किस प्रकार वैर उत्पन्न हुआ और कैसे उसका उद्धार किया गया। सब बातें विस्तार से कहिए।

भृङ्ग उत्तर देता है—

ल० सं० २५२ में राजा गणेश्वर ने 'असलान' नाम के एक मुसल्मान नवाब को परास्त किया। तब असलान ने कपट से राजा को बुलाकर राजा का वध कर डाला। चारों ओर अराजकता फैल गई।

१—इसका विस्तृत वर्णन आगे देखिए।

अन्त मे असलान को पश्चात्ताप हुआ और उसने राज्य वापस करना चाहा परन्तु वीरसिंह और कीर्तिसिंह ने प्रतिहिंसा की इच्छा से शत्रु-समर्पित राज्य स्वीकार न किया और पैदल ही शिकायत करने और सहायता माँगने के लिए बादशाह के पास चल दिए। बहुत कष्ट झेलकर जौनपुर श्री इब्राहिम शाह की राजधानी में पहुँचे जहाँ बाजार हाट की सैर करके एक ब्राह्मण के घर वास किया ॥ २ ॥

भृङ्गी को यह वृत्तान्त कर्णामृत सा जान पड़ता है वह फिर पूछती है और भृङ्ग कहता है—

कीर्तिसिंह प्रातःकाल वज़ीर से मिले। उसने बादशाह से भेंट करने की सलाह दी। शुभ अवसर पर भेंट हुई। कुशल वार्ता पूछी जाने पर पिता के वध और असलान की धृष्टता का हाल कहा। बादशाह असलान पर बहुत बिगड़े। तुरन्त उसके विरुद्ध प्रयाण करने का हुक्म हुआ। कीर्तिसिंह की आशा पूर्ण हुई। सेना की तैयारी के बीच में ऐसा जान पड़ा कि तैयारी पूर्व की ओर न प्रयाण करके पश्चिम की ओर जायगी। राजा की आशा टूट गई। परन्तु जब सेना चली तो साथ हो लिए। चारों ओर दिग्विजय करती हुई सुलतानी सेना चली। बहुत दिन लग गए। कीर्तिसिंह की दीन अवस्था को देखकर साथी एक एक कर साथ छोड़ने लगे। केवल दो, केशव कायस्थ और सोमेश्वर आगीर तक रहे। राजा ने एक बार फिर सुलतान से भेंट की। फर्मान जाहिर हुआ कि पूर्व को प्रयाण हो ।।३॥

भृङ्गी फिर पूछती है, "कहो कान्त कैसे सेना चली, तिरहुत में क्या हुआ और असलान की क्या गति हुई"? भृङ्ग कहता है—

अनगिनती सेना चली दूर दूर के राजाओं का गर्व चूर्ण करते हुए सुलतान ने तिरहुत में प्रवेश किया। सब बातें सुनकर सुलतान ने कहा असलान तो बड़ा बलवाला है। उसे कैसे पकड़ा जाय। तब कीर्तिसिंह आगे बढ़कर बोले, "प्रभो! आप दीन वचन न कहें। मे अभी उसको

परास्त करता हूँ।" तब सुलतान ने हुक्म दिया कि कीर्तिसिंह के साथ पूरी सेना पार हो। गंडक नदी के पार जाकर सुलतानी सेना असलान की सुसज्जित सेना से भिड़ी। घोर संग्राम हुआ। आकाश रुधिर से भर गया। वीरसिंह और कीर्तिसिंह पराक्रम कर रहे थे। असलान की सेना के पैर उखड़ गए। सेना को गिरते देख असलान ने एक बार साहस किया। तलवार लेकर कीर्तिसिंह पर टूट पड़ा। अर्जुन और कर्ण के युद्ध की याद आ गई। दोनों के शरीर से रुधिर की धाराएँ बह निकलीं। मलिक असलान ने हारकर पीठ दिखा दी। कीर्तिसिंह ने घोषणा की कि पलायित पर मैं शस्त्र नहीं चलाता। राजा को जयलक्ष्मी प्राप्त हुई। सुलतान ने अपने ही हाथ से कीर्तिसिंह का अभिषेक किया।

जब तक सूर्य और चन्द्र आकाश में रहें, कीर्तिसिंह राज्यसुख भोगते रहें और उनकी कीर्ति को फैलाने के लिये कवि विद्यापति की यह कीर्तिलता विद्यमान रहे।

यही कीर्तिलता का संक्षेप में विषय है। कथानक छोटा है परन्तु वर्णनात्मक चित्रों से भरपूर। गणेश्वर की मृत्यु के उपरान्त जो अराजकता फैली थी, उसका एक छोटा सा भावपूर्ण वर्णन है जो पढ़ते ही बनता है। दोनों राजकुमारों की जौनपुर की ओर पैदल यात्रा का करुणात्मक वर्णन सुन्दर है। जौनपुर की समृद्धि का एक उत्कट वर्णन है और वेश्याओं एवं वनितियों के वर्णन में विद्यापति की रसिकता टपकी पड़ती है। मुसल्मानों के अत्याचार का भी, दबी जबान में थोड़ा सा, एक कर्मठ ब्राह्मण का अनुभूत सा चित्र है। सेना के प्रयाण और संग्राम के चित्र भी अच्छे खिंचे हैं। परन्तु इन चित्रों में कहीं भी वह प्रौढ़ प्रतिभा, जो विद्यापति के पदों में मिलती है, नहीं दिखाई देती। उसकी अविकसित अवस्था की झलक मात्र है। कवित्व के हिसाब से कीर्तिलता का ऊँचा स्थान नहीं है। यह केवल इसलिये कि कवि का यह प्रथम प्रयास है।

कीर्तिलता के कथापुरुष

कीर्तिलता के कथानायक कीर्तिसिंह सुगाँव कुल के राजाओं के वंश के थे। इस वंश के आदिपुरुष कामेश्वर थे, इनको दिल्ली के शाहंशाह गयासुद्दीन तुगलक ने मिथिला का राज्य दिया था। कामेश्वर के उपरान्त इनके पुत्र भोगीश्वर राजा हुए। कहते हैं कि बादशाह फिरोजशाह तुगलक भोगीश्वर से बहुत प्रसन्न थे और इनके लिये कामेश्वर को राज्यासन से हटाकर इनको राजा बनाया था। भोगीश्वर के अनन्तर गणेश्वर राजा हुए। गणेश्वर ने बहुत अच्छी तरह राज्य का शासन किया। असलाम मलिक नाम के किसी मुसलमान सरदार ने गणेश्वर का वध कर दिया। इस पर कीर्तिसिंह और वीरसिंह दोनों भाई बहुत नाराज हुए, इन्हों ने अपने पिता के वध का बदला लेने के लिए जौनपुर के नवाब इब्राहीमशाह से अपील की और उनकी सहायता से असलान को परास्त किया।

कीर्तिसिंह के अनन्तर भवसिंह राजा हुए और भवसिंह के उपरान्त देवसिंह। देवसिंह के उपरान्त राजा शिवसिंह राज्यसन पर बैठे। इनकी और विद्यापति की बड़ी मित्रता थी। शिवसिंह मुसलमानों के साथ लड़ाई में हारकर नेपाल की ओर भाग गए। तब विद्यापति राजबनौली में जाकर रहे परन्तु शिवसिंह के अनन्तर आनेवाले सुगाव के राजाओं से इनका बराबर सम्पर्क रहा और राजा धीरसिंह के समय तक यह ग्रंथ लिखते रहे।

कीर्तिलता की भाषा

कीर्तिलता का महत्त्व है उसकी भाषा के लिये। जैसा ऊपर कह आए हैं, इस ग्रथ का निर्माण विद्यापति ने तब किया था जब वह केवल २० वर्ष के थे। अर्थात् (ल० स० २६१) ई० सन् १३८० के लगभग यह

पुस्तक बनी। उस समय उत्तरीय भारत में आधुनिक आर्यभाषाएँ बोली जाती थीं। संस्कृत और प्राकृत का प्रभुत्व कविता-क्षेत्र से हट रहा था।

विद्यापति से प्रायः पाँच सौ वर्ष पूर्व कर्पूरमञ्जरी के रचयिता[१] को संस्कृत के प्रबन्ध परुष जान पड़ते थे और प्राकृत के सुकुमार; इसलिए उन्होंने कर्पूरमञ्जरी प्राकृत में लिखी। विद्यापति को वही प्राकृत नीरस जान पड़ी और संस्कृत को बहुत लोग पसन्द नहीं करते, इसलिए विद्यापति ने देशी भाषा 'अपभ्रष्ट' में कीर्तिलता बनाई।

अपभ्रंश अथवा अपभ्रष्ट का अर्थ है बिगड़ी हुई, आदर्श से गिरी हुई। काव्यादर्श के रचयिता आचार्य दण्डी ने काव्य में प्रचलित भाषाओं का उल्लेख करते हुए 'अपभ्रंश' का यह लक्षण दिया है:—

आभीरादिगिरः काव्येष्वपभ्रंशतयोदिताः।
शास्त्रेपु संस्कृतादन्यदपभ्रंश इति स्मृतम्॥

इससे यह प्रकट होता है कि आचार्य दण्डी के समय में अपभ्रंश शब्द के दो अर्थ थे—(१) कुछ अनार्य जातियों की बोलियाँ और (२) संस्कृत भाषा के अतिरिक्त और बोलियाँ या भाषाएँ। परन्तु इतना निश्चय होता है कि उक्त आचार्य के समय (छठी शताब्दी ईसवी) में अपभ्रंश का प्रयोग काव्य में होने लगा था। संभवतः इस समय अपभ्रंश जनसाधारण की बोली थी, काव्यभाषा के तौर पर उसका प्रयोग आरम्भ ही हुआ था।

भारतीय आर्यभाषाओं के विकास पर दृष्टि डालने से पता चलता है कि अपभ्रंश प्राकृत भाषाओं की अन्तिम अवस्था का नाम था, इसके अनन्तर ही आधुनिक आर्यभाषाओं का प्रसार हुआ। परन्तु कीर्तिलता के पढ़ने से यह विदित होता है कि विद्यापति के समय में आधुनिक

१—परुसा सक्कअबन्धा पाउअबन्धो वि होइ सुउमारो।
पुरिसमहिलाणं जेत्तियमिहन्तरं ते त्तियमिमाणम्॥कर्पूर०१-७।

भाषाओं का 'हिन्दी', 'मैथिली' आदि कोई नाम अभी प्रचलित नहीं हुआ था, भाषाएँ अभी अपभ्रंश ही कहलाती थीं। नहीं तो, विद्यापति एक ही वस्तु को 'देसिलवअना' और 'अवहट्ठा' नहीं कहते।

अपभ्रंश का कोई ऐसा लक्षण देना जो सभी भारतीय अपभ्रंशों पर लागू होता हो संभव नहीं है। गुजरात से लेकर उड़ीसा तक और हिमालय से लेकर विन्ध्याचल और महाराष्ट्र तक की सभी भाषाएँ एक समय अपभ्रंश कहलाती थीं, परन्तु प्रदेश-प्रदेश के अपभ्रंशों में बहुत भेद था, जैसे शूरसेन देश का अपभ्रंश, गौड़ देश के अपभ्रंश से अथवा नागर अपभ्रंश, व्राचड़ अपभ्रंश से बहुत भिन्न था। अभी तक अपभ्रंश ग्रन्थ भी बहुत उपलब्ध नहीं हैं, ऐसी दशा में जो ग्रन्थ मिलें उनका अध्ययन करना और उस विशेष अपभ्रंश का ज्ञान प्राप्त कर लेना। सम्प्रति पर्याप्त समझना चाहिए।

'कीर्तिलता' के 'अपभ्रंट' को 'मैथिलअपभ्रंश' कहना उचित होगा इसका संक्षेप में यह विवरण है—

लेखनशैली—कीर्तिलता का गद्य संस्कृत गद्य के आदर्श पर अवलम्बित है। बीच बीच में एक आध क्रिया अथवा अव्यय को छोड़ शब्दावली भी प्रायः संस्कृत ही की है। उदाहरण के लिए पृ० १२ और १४ पर का गद्य ले लीजिए। वहाँ लम्बे-लम्बे समास, वहीं विशेषण पर विशेषण की भरमार और केवल एक आध क्रिया। पद्य भाग पर प्राकृत का यथेष्ट प्रभाव है, कोई-कोई पद्य तो बिल्कुल प्राकृत के ही जान पड़ते हैं, जैसे पृ० ६ पर 'पुरिसत्तणेन पुरिसओ' आदि।

लेखकों की उस समय के लिखने की रीति में 'अ' का उच्चारण सम्भवतः कुछ सानुनासिक होता था कभी-कभी 'ज' और कभी 'अ' लिखते थे। अथवा यह नेपाली हस्तलिपि का प्रभाव हो, मैथिल न हो ... 'स' में कोई भेद नहीं माना जाता था, उच्चारण 'स' था ... 'न' में भेद नहीं था, उच्चारण 'न' था। कहीं-कहीं

ल में भेद नहीं (यथा नहिन, लहिश्च)। शब्द के आदि के उच्चारण 'ज' था, लिखने में कहीं 'य' कहीं 'ज' था। दो महा- र्ण साथ-साथ लिखे जाते थे, जैसे ध्थ, ह्ट, ख्ख, परन्तु उच्चारण इ, क्ख ही थे। ष का उच्चारण 'ख' था। एक ही शब्द कभी स्कृत (तत्सम) रूप में, कभी प्राकृत (अर्धतत्सम) रूप में तो पभ्रंश (तद्भव) रूप में लिखा जाता था। विदेशी शब्दों को तोड़कर देशी उच्चारण-विधि के अनुकूल कर लिया जाता था, स्तान, तकतान, तुरुक (तुरुक), चरख, मतरक, उजीर, इलामे । छन्द की आवश्यकता के लिए भी कवि स्वरों की मात्राओं में कर देते थे (अंबरा, मेव)।

भाषाओं का 'हिन्दी', 'मैथिली' आदि कोई नाम अभी प्रचलित नहीं हुआ था, भाषाएँ अभी अपभ्रंश ही कहलाती थीं। नहीं तो, विद्यापति एक ही वस्तु को 'देसिलवअना' और 'अवहट्ठा' नहीं कहते।

अपभ्रंश का कोई ऐसा लक्षण देना जो सभी भारतीय अपभ्रंशों पर लागू होता हो संभव नहीं है। गुजरात से लेकर उड़ीसा तक और हिमालय से लेकर विन्ध्याचल और महाराष्ट्र तक की सभी भाषाएँ एक समय अपभ्रंश कहलाती थीं, परन्तु प्रदेश-प्रदेश के अपभ्रंशों में बहुत भेद था, जैसे सूरसेन देश का अपभ्रंश, गौड़ देश के अपभ्रंश से अथवा नागर अपभ्रंश, व्राचड़ अपभ्रंश से बहुत भिन्न था। अभी तक अपभ्रंश ग्रन्थ भी बहुत उपलब्ध नहीं हैं, ऐसी दशा में जो ग्रन्थ मिलें उनका अध्ययन करना और उस विशेष अपभ्रंश का ज्ञान प्राप्त कर लेना ही सम्प्रति पर्याप्त समझना चाहिए।

'कीर्तिलता' के 'अपभ्रंश' को 'मैथिलअपभ्रंश' कहना उचित होगा। इसका संक्षेप में यह विवरण है—

लेखनशैली—कीर्तिलता का गद्य संस्कृत गद्य के आदर्श पर अवलम्बित है। बीच बीच में एक आध क्रिया अथवा अव्यय को छोड़कर शब्दावली भी प्रायः संस्कृत ही की है। उदाहरण के लिए पृ० १२ और १४ पर का गद्य ले लीजिए। वहीं लम्बे-लम्बे समास, वहीं विशेषण पर विशेषण की भरमार और केवल एक आध क्रिया। पद्य भाग पर प्राकृत का यथेष्ट प्रभाव है, कोई-कोई पद्य तो बिल्कुल प्राकृत के ही जान पड़ते हैं, जैसे पृ० ६ पर 'पुरिसत्तणेन पुरिसओ' आदि।

लेखकों की उस समय के लिखने की रीति में 'अ' का उच्चारण सम्भवतः कुछ सानुनासिक होता था कभी-कभी 'ज' और कभी 'अ' लिखते थे। अथवा यह नेपाली हस्तलिपि का प्रभाव हो, मैथिल न हो। 'श' और 'स' में कोई भेद नहीं माना जाता था, उच्चारण 'स' था। इसी प्रकार 'ण' और 'न' में भेद नहीं था, उच्चारण 'न' था। कहीं-कहीं

न और ल में भेद नहीं (यथा नहिन, लहिन) । शब्द के आदि के 'य' का उच्चारण 'ज' था, लिखने में कहीं 'य' कहीं 'ज' था । दो महा-प्राण वर्ण साथ-साथ लिखे जाते थे, जैसे थ्थ, ड्ढ, ख्ख, परन्तु उच्चारण में त्थ, ड्ड, क्ख ही थे । ष का उच्चारण 'ख' था । एक ही शब्द कभी अपने संस्कृत (तत्सम) रूप में, कभी प्राकृत (अर्धतत्सम) रूप में तो कभी अपभ्रंश (तद्भव) रूप में लिखा जाता था । विदेशी शब्दों को तोड़ मरोड़कर देशी उच्चारण-विधि के अनुकूल कर लिया जाता था, जैसे सुरतान, तकतान, तुरुक (तुरुक), चरख, मदरुक, उज्जीर, इलामे आदि । छन्द की आवश्यकता के लिए भी कवि स्वरों की मात्राओं में हेर-फेर कर देते थे (अंबरा, सेच) ।

संज्ञाएँ—अपभ्रंश में संज्ञाएं प्रायः शुद्ध अपने स्वरान्त रूप (यथा अमिय, गुण्डा, गीति, अयारी, हिन्दु) में मिलती हैं और प्रायः सभी विभक्तियों में प्रयोग में आती हैं । कभी-कभी विभक्तिसूचक परसर्ग इनके उपरान्त पाए जाते हैं, परन्तु अधिकतर नहीं । इन शुद्ध रूपों के अतिरिक्त अकारांत संज्ञाओं के दो रूप और हैं—एकारान्त । घरे-घरे, अजने; आंगे-आंगे) और इकारान्त (धुत्तइ, रज्जइ) । एकारान्त रूप प्रायः करण तथा अधिकरण का सूचक होता है और इकारान्त सम्बन्ध का । सभी संज्ञाओं के दो रूप और हैं—एकवचन में हिकारान्त (असंभहि, तेरहुत्तिहि) और बहुवचन में न्हिकारान्त अथवा न्हकारान्त (नागरन्हि, मारन्हि, मत्तिन्ह) यह रूप प्रायः कर्ता, कर्म आदि कारकों के प्रयोग आते हैं । अकारान्त संज्ञा का कभी-कभी उकारान्त और ओकारान्त र भी मिलता है और यह प्रायः कर्ता का सूचना देता है ।

सर्वनाम—सर्वनाम के विभिन्न रूप बहुत मिलते हैं । उदाहरणार्थ नवाचक सर्वनाम के—कोए, कोइ, का, की, को, काहु, केहु, के, न, कमण, कमणे आदि । सम्बन्धसूचक के जासु-जसु-जिसु, जस्स; , जेन्हे, जं, जे, जेन्हे, जन्हि, जेइ, जेहे; पुरुषवाचक के तं, ता, ताहि

ओ, ओहु, ओ, अओ, वाहि, मो, हंस, मझ, भज्झ, मुज्झ, मोर, मेरहु। कहीं-कहीं अर्धतत्सम रूप ही आ गया है यथा इअरो (इतरः)।

परसर्ग—परसर्गों का प्रयोग अपभ्रंश में बहुत कम है। केवल संज्ञा अथवा सर्वनाम का कोई रूप रख दिया जाता है, विरले ही स्थान पर परसर्ग आता है। करण और अपादान के अर्थ में सभो, सत्र, सकास, सम, अधिकरण के अर्थ में माझ, और सम्प्रदान तथा सम्बन्ध के अर्थ में काजि, कों, क, का (का), करो, करेओ, करी, केरा, कह, की, करी और लागि शब्द मिले हैं।

विशेषण—विशेषण प्राय: तद्भव शब्द हैं और इनमें विभक्तसूचक कोई अव्यय नहीं लगता। लिंग-भेद के लिए कहीं-कहीं विकृत रूप दिखाई पड़ता है जैसे हीन-हीनि, बड़-बड़ी, पिअ-पिआरी, गरुवि आदि। परन्तु अधिक नहीं।

क्रिया—क्रिया में भी रूपों का उतना बाहुल्य नहीं है जितना शौरसेनी आदि प्राकृतों में मिलता है। अधिकतर सहायक क्रियाओं के बिना ही मुख्य क्रिया रख दी जाती है और अर्थ का बोध हो जाता है। कहीं-कहीं प्राचीन क्रिया रूप का केवल तद्भव रूप ही उपस्थित है यथा आरम्भओ (आरम्भामि), आवथि (आयाति), कहसि (कथयसि), उप्पन्नउ (उत्पन्न) आआ (आयातः)।

भूतकाल का बोध या तो प्राचीन क्रान्त रूप के तद्भव रूप से होता है अथवा लकारान्त रूप से (आनलि, चलल, जामल, जानलि, पुरिल)। भविष्य का बोध प्राचीन—स्य—के तद्भव रूप (होसइ, पुच्छिहि, उग्गिह, बुज्झिह) से होता है। वर्तमान काल के शतृ प्रत्यय वाले रूप तद्भव रूप में बहुतायत से मिलते हैं और संज्ञाओं के समान एकारान्त भी होते हैं (आवन्त, आवन्ता, आक्रीडन्ते, करन्ता, कहन्ता, कहन्ते, खण्डन्ते)। पूर्वकालिक क्रिया—इकारान्त है यथा आराधि, चूरि, चोरि, देक्खि, दवलि, धाइ।

कभी तो क्रिया या अकारान्त रूप भूतकाल का बोध कराता है और कभी वर्तमान का यथा बाज, जाव (पृ० ८) वर्तमान में और पृ० ३२ पर पसरु भूतकाल में।

भाववाच्य के रूप बहुत कम मिलते हैं, जैसे कहिअजे (१६), किजिअ (१०), करिअउँ (८), दिजिअ (१०), पाविअइ (८), बन्निअउँ (२२), लक्खिअअल (६), लिज्भिइ (१६)।

प्रेरणार्थक के भी बहुत कम रूप मिलते हैं—(४), पठ्ठाइअ (१०), पलठाए (१४), लज्जाइअ (८), सिक्खावइ (१८)।

क्रियाविशेषण—नीचे लिखे क्रिया-विशेषण प्रयोग में देख पड़े हैं—

न, नहि, नहु, अवसओ, णिअइ, बाहर, भीतर, उप्पर (उप्परि, उपर), समिपा, दूर, पाछा, एकथ्थ, पुनु, पास, दुरहुन्ते, दुरहि, एव। जवे, जवै, तवे, कवहु, कहीं, तोउ, तही, से तैसेन, तथ्थ, कतहु, कइसे, जवहीं, जहाँ, अस, अइसनेओ, अइसेओ।

अव्यय—नीचे लिखे अव्यय मिलते हैं—

अरु, अध, अवि अबि थ, यँ, पइ, (पए), कि, इअ, औ, जइ। सम्बोधन के लिए—अरे अरे, अबे वे।

परिणामस्वरूप कीर्तिलता की भाषा आधुनिक मैथिली और मध्यकालीन प्राकृत के बीच की है। तत्सम, तद्भव और देशी तथा विदेशी शब्दों के समावेश के कारण भाषाविज्ञान की दृष्टि से एक बहुत रोचक सामग्री मिलती है जिसका अध्ययन स्वतन्त्र ही एक मुख्य विषय है।

विश्वविद्यालय }
प्रयाग }

बाबूराम सक्सेना

संशोधित संस्करण

प्रस्तुत संस्करण मे मूलपाठ और अनुवाद की कुछ अशुद्धियाँ दूर कर दी गई हैं और भाषा सम्बन्धी एक लेख जो सम्पादन ने "लिंग्विस्टिक सोसाइटी अव् इंडिया" ग्रियर्सन स्मारक अक मे प्रकाशित किया था, उसका हिन्दी रूपान्तर में आगे दिया जा रहा है।

२०-२-५२ बाबूराम सक्सेना

कीर्तिलता की भाषा

डा० बाबूराम सक्सेना डी० लिट्०

१. मिथिला के प्रसिद्ध कवि विद्यापति की कीर्तिलता उनकी प्रारंभिक रचनाओ में से है। यह प्रायः १३३० ई० के लगभग लिखी गई होगी। लेखक ने अपनी कविता की भाषा को 'अवहट्ठ' कहा है।

यह अवहट्ठ भाषा १४ वीं शती के अपभ्रंश की प्रतिनिधि है। साथ ही साथ विद्यापीठ अपनी भाषा को 'देसिल बयना' भी कहते हैं। इससे यह ज्ञात पड़ता है कि वह भाषा उनके समय की है—विशेषत. सुशिक्षित जन-समाज की। शब्द-समूह मे तीनो प्रकार के शब्द हैं— तत्सम, तद्भव, और देशी। सबसे अधिक प्रयोग तत्सम शब्दो का हुआ है। भूमिका मे आरभिक छद और प्रत्येक अध्याय के अंतिम छद पूर्णतः सस्कृत मे है। गद्य में लेखक प्रायः विशुद्ध शिष्ट (elassical) शैली का सहारा लेता है। उदाहरणार्थ—

पृष्ठ १२ अथ गद्य···पवित्र · देव

पृष्ठ १४ प्रबल शत्रु······जयलक्ष्मी

पृष्ठ १८ हृदय गिरि कंदरा निद्राग्रा पितृवैरि केशरी
पृष्ठ २० विस्मृतस्वामिशोक (हु) कुटिलराजनीतिचतुर (हु)
पृष्ठ ३६ मान्यजनक (क) लज्जावलंबित मुखचंद्रिका कुटिल कटाक्षछटा कंदर्पशरश्रेणी

इससे स्पष्ट है कि संस्कृत समुदाय की भाषा सदैव उपस्थित साहित्यिक भाषा से शब्द ग्रहण करती है, जैसे संस्कृत से साहित्य हिंदी और फारसी से साहित्यिक उर्दू। मिथिला के पंडित सदैव कट्टरपंथी रहे हैं और उनका संस्कृत से संपर्क बराबर रहा है, इसीलिए वे बड़ी आसानी से स्थान-स्थान पर जननी-भाषा से उधार ग्रहण कर सके हैं। आज भी पंडितों की मैथिली और अपढ़ ग्राम-वासी की मैथिली में बहुत हद तक अंतर है।

तद्भव शब्दों के रूप विभिन्न प्रकार के हैं, एक ही शब्द कई अवस्थाओं का प्रतिनिधित्व करता है, जैसे, ब्राह्मणः ब्राह्मण पृष्ठ ३२, बाँभन पृष्ठ ४४। इसका कारण यह जान पड़ता है कि एक ही शब्द संस्कृत से कई बार लिया गया होगा।

देशी शब्दों की संख्या बहुत कम है। 'चल्लि' प्रारंभिक प्राकृत में मिलता है (जैसे, 'कर्पूरमंजरी' में); इस पोथी में मुझे 'धाराड' पृष्ठ ६० और 'ठण्ड' पृष्ठ ६० में मिले हैं।

२. इसके अतिरिक्त उक्त पाठ में बहुत से फारसी और अरबी के उधार लिए हुए शब्द हैं। इस कविता में जौनपुर (आधुनिक जौनपुर)-मुस्लिम सभ्यता के एक केन्द्र का विस्तृत वर्णन है। सूची इस प्रकार है-

सुरतान (पृष्ठ १०), (सुरुतान पृष्ठ ४४), पातिसाह, (पृष्ठ १४, २२) तुरुक्कु (तुरुक्क पृष्ठ ३८,३८), तुरुक (पृष्ठ ४०,४४), तुलुक,(पृष्ठ ६६,७०) तुरुकिनि, (पृष्ठ४२) साह,(पृ. ३६),कम्मान, (पृ. ३८) (कमान, पृ. ६०) मैआल, पृष्ठ ४०, मीर पृष्ठ ४० वेह्लिय पृष्ठ४०, सैहार, पृष्ठ ४०, सराय

पृष्ठ ४० खाणा पृष्ठ ४०, मुकदमा पृष्ठ ४२, मतरुक पृष्ठ ४२, चरख, पृष्ठ ४२, सश्रद पृष्ठ ४२, विलह पृष्ठ ४२, दरवेस पृ० ४२, मखड्डम पृष्ठ ४२, ८०, हुकुम पृष्ठ ४२, बाग पृ० ४२, मिसिमिल पृष्ठ ४२, ६०, निमाज पृष्ठ ४४, मसीद पृष्ठ ४०, ४४, गालिम पृष्ठ ४६, दरबार पृष्ठ ४६, (दरवान पृष्ठ ५०), महल पृष्ठ ४६, दरिगाह पृष्ठ ५०, निमाजगाह पृष्ठ ५०, खोरागह पृष्ठ ५०, खोरमगह पृ० ५०, दवाल पृ० ५०, दार्खील पृ० ५२, उज्जीरपृष्ठ ५६, खोदाइम्न पृष्ठ ५८, पापोम पृष्ठ ५८, फरमान पृष्ठ ५८, सेर पृ० ५८ देमान पृ० ६२, गद्दवर पृष्ठ ६२, कुरबक पृ० ६२, श्रदत्र पृ०६२, तकत पृ० ६८, (तकतान पृष्ठ ६४), तम्बल पृ० ६६, मलिफ पृष्ठ ११० (मखिफ पृष्ठ ८०) राह पृ० ८०, बखत पृष्ठ ८०, दनेज पृष्ठ ८०, थेग्र पृष्ठ ८२, निशान पृष्ठ ८४, तजान पृष्ठ ८४, बाग पृष्ठ ८४, चाबुक पृ० ८८, तरकस पृष्ठ ८८, फउद पृ० ८८, मगोल पृष्ठ ६०, खुदकार पृष्ठ ६०, बगल पृ० ६०, बद पृ० ६०, सिकार पृष्ठ ६८, ,महमद पृ० १००, धरम पृ० १०२, गदा पृष्ठ ३८, बदा पृष्ठ ३८, कूज पृष्ठ ३८, ४२, तवेला पृष्ठ ३८, दोकाणदारा पृष्ठ ३८, खिसा पृष्ठ ३८, मोजा पृष्ठ ४०, खोजा पृष्ठ ४०, ४२, कलीमा पृष्ठ ४२, कसीदा पृष्ठ ४०, फितेका पृष्ठ ४०, कबाश्रा पृष्ठ ४०, पैदा पृ० ४०, ४८ नेवाला पृष्ठ ४२, काश्रा पृष्ठ ४२, बादि पृष्ठ ३८, रइश्रति पृष्ठ ६८, बजारी पृष्ठ ३८, फर्राची पृष्ठ ४०, बाजू पृष्ठ ३८, पेश्राजू पृष्ठ ३८ (पिश्राजु पृष्ठ ४२), सराफे पृष्ठ ३८, कलामे पृष्ठ ४०, खोदाह पृष्ठ ४०, गुलामो पृष्ठ ३८ (गुलामा पृ० ६६,) सलामो पृष्ठ ३८, तोखारही पृष्ठ ५०, रोजा पृष्ठ ४२, मुलुका पृष्ठ ४६, उमार पृष्ठ ४६ (उँमारा), कादी पृष्ठ ८०, मेयाणे पृष्ठ ५०, हउद्दे पृष्ठ ६८, हजारी पृष्ठ ३८, खास पृष्ठ ५०, खराब पृष्ठ ४०, सदर पृष्ठ ५०, तेजी ताजि पृष्ठ ८४, ८८, खरीदे पृष्ठ ३८, अवे वे पृष्ठ ३८।

इन शब्दो मे प्रत्यय संस्कृत की भाँति लगे हैं। उन विदेशी ध्वनियो के लिए, जो प्रस्तुत भाषा मे नहीं है, निकटतम ध्वनियों का

प्रयोग हुआ है। कहीं-कहीं कुछ परिवर्तित रूप भी हैं जिसका कारण शुद्ध उच्चारण की अनिश्चितता माना जा सकता है।

३—ध्वनियों का अलग से विवेचन आवश्यक नहीं है क्योंकि इस पाठ में भारतीय आर्य ध्वनियों का विकास नियमित हुआ है। फिर भी निम्नलिखित बातें उल्लेखनीय हैं—

(अ) स्वर—ये चरण के अंत में प्रायः दीर्घ कर दिए जाते हैं जिससे कि छंद और तुक की सुविधा रहे, और कभी-कभी ये मध्य में भी दीर्घ कर दिए जाते हैं (जैसे, क़ूर पृ० ७६)। परंतु बहुत से स्थानों में दीर्घत्व का यह कारण नहीं माना जा सकता (दीग्गांतर पृ० ७०, मिलाओ दिग्गांतर पृ० ६४, अंतारिक्ख पृ० ११०, मिलाओ थीर पृ० ६२, मिलाओ थिर पृ० ११०। एक स्थान पर तो तुक के लिए स्वर का गुण भी परिवर्तित कर दिया गया है (ई, ओ हो जाता है—नीर के लिए नोर जिससे बोह, से तुक मिल सके, पृ० २२)। कुमर में पृ० २४ और राज में पृ० ५४ स्वरों के ह्रस्वीकरण (कुमार और राजा) का कोई कारण नहीं दिया जा सकता। ऐ और औ कहीं-कहीं संयुक्त स्वर की भांति लिखे गए हैं, परंतु वस्तुतः मूल स्वर अॅ-ई अॅई हैं।

(ब) आदि में आनेवाले 'य' का उच्चारण 'ज' होता था जैसा कि उन दो स्थलों से स्पष्ट है, जहां 'ज' का होना आवश्यक था (यज्ञावजौ पृ० ४, जुज्झायी, पृ० ६० मिलाओ, जुज्झ पृ० ८४)। यॅ (श्रुति के स्थान पर) अवशिष्ट रह जाता है जैसा कि उन स्थलों से स्पष्ट है जहां ए इसका स्थान (सकल > सएल पृ० ५०, नगर > नयर पृ० १६, मिलाओ नअर पृ० २६) ले लेता है; और उच्चारण में मध्य य तथा ए का स्वतन्त्र स्थान न था। बहुत से शब्दों में र और ल एक दूसरे के स्थान पर प्रयुक्त हुए हैं (घोला पृ० २४, २०, घोरा पृ० ४४ मिलाओ घोड़ा पृ० ६८, सम्मल पृ० २४, सम्बर पृ० ७०; वैसे ल का

प्रयोग ही अधिक हुआ है : पलइ, पलि पृ० ६६ (मिलाओ हिंदी पड़, अवधी पर), जोलि; (मिलाओ अवधी जोरि) पृ० ८८, पकलि पृ० १०० (मिलाओ अवधि पकरि), दवलि पृ० ४६ (अवधि दौरि)। पाठ में व का बाहुल्य है, पर बहुत से स्थानों में इसका प्रयोग ब के स्थान पर हुआ है (जैसे बम्हण पृ० ३२)।

(स) अनुनासिका—ण और न में कोई अंतर नहीं दिखाई देता, ण दूसरा उचरित अनुनासिक था (मुअण पृ० ४, मुअन पृ० ३२)। प्राचीन ण्ण का उच्चारण ण्ड के समान होता था, जैसे, आकण्डन पृ० ६, पुण्डु ८, सेण्डु पृ० ६४। नं आदि में यँ का प्रतिनिधित्व करता है और मध्य में अनुनासिक मात्र का (नैंतोणा पृ० ३६, फसनो पृ० ८)

न ल का प्रतिनिधित्व करता है मणिक पृ० ८० में और नहिअ पृ० ४८ में, और ल म का प्रतिनिनित्व करता है लसूना पृ० ३८ में और इलामे पृ० ४८ में। म का प्रतिनिधित्व प्रायः व > ब करता है, परंतु इसके विपरित अवस्था अपमान पृ० ३४ (अपावँन से > अपावन) में पाई जाती है। सम्हार पृ० २८ (∠सम्भार : सँभार) में म कदाचित् अनुनासिक मात्र का प्रतिनिधित्व करता है। चाद पृ० ३४, राँक पृ० ५०, चदन पृ० ६८ और ऑग पृ० ६८ (मिलाओ आग) में अनुनासिक बहुत क्षीण था और अनुनासिकता की ओर आ रहा था। पाठ में अनुनासिकता का बाहुल्य है और बहुत से स्थानों में इसका कोई निश्चित कारण नहीं है, जैसे, पॉउ, पीनँ पृ० ४६, उँवाए पृ० १०, उँमारा पृ० ६० काजेँ पृ० ६८, तुरुकूँ पृ० ३८, जनिनँ पृ० ५२, बिस्मिनाँ पृ० ५२।

(द) ऊष्म—बहुत से स्थानों में श का प्रयोग हुआ है परन्तु इसका उच्चारण ख था जैसा निम्न उदाहरणों से स्पष्ट है—खाण पृ० ४०, षा(खा)ण पृ० ४६, मुष पृ० ५६, षणे, पृ० ६८) इसका उच्चारण कदाचित् स (या स ?) होता था जब कि पार्श्व में कोई कण्ठ्य व्यंजन

होता था जैसे, अहिसेन प० ११२ (मिलाओ खष्टी का आधुनिक उच्चारण षष्टी। नियमित ऊष्म स था)।

(इ) महाप्राणत्व—नकत पृ ४२ (∠नक्षत्र, आधुनिक नखत) में महाप्राणत्व का अभाव और विपथ पृ ७२ (∠विपत्ति) और पच्छूस पृ ५६ (∠प्रत्यूष) में इसकी उपस्थिति का कारण बताना सहज नहीं है। कहीं-कहीं लिपि-प्रणाली में एक महाप्राण व्यंजन को दुबारा महाप्राणित किया गया है (जैसे उथ्थि पृ ५०), परंतु यह महाप्राणित और अल्पप्राणित रूप के मिश्रण का प्रतिनिधित्व करता है। ह व्यंजन बहुत से स्थानों में व्याकरण के रूपों में आ जाता है, जिसका कारण बताना कठिन है, जैसे क्रिया—रूपों के भूत काल में।

(क) अघोष—ठक पृ० १६ (आधुनिक ठग, सं० स्थग) में ध्वनि के अभाव को आसानी से नहीं समझा जा सकता। च का उच्चारण अनिश्चित-सा जान पड़ता है (चढावद पृ० ४४, चढि पृ० १००, चहिं पृ० ६८)

(ग) निम्न प्रकार की संधियाँ पाई जाती हैं, किकरिअउँ पृ० ७० किकरिआ। पृ० ८०, आएवज० पृ० ३०, जअमिअ पृ० १०।

आगे आने वाले पृष्ठों में भाषा का विस्तृत व्याकरण दिया जाता है।

संज्ञा—

४—शब्दांत—अ,-आ,-इ,-ई,-उ और ऊ-में होता है।

सबसे अधिक शब्दांत-अ में होता है; ऐसे शब्दों की संख्या लगभग १७०० है। (लगभग १४०० प्रत्यय-रहित तथा लगभग ३०० प्रत्यय सहित)।—आ अंत वाले शब्द २२५ हैं,-इ अंत वाले शब्द १५५,-ई अंत वाले शब्द ८०,-उ अंतवाले शब्द ४५ और-ऊ अंत वाले ७।

(अ)—अ अंत वाले शब्द या तो प्राचीन-अ शब्दांतों (base) का प्रतिनिधित्व करते हैं (जैसे-हिअ पृ० ६, सं० हृदय, सुअण पृ० ४०

सुजन, चइल्ल पृ० ४ प्राकृत चइल्ल) या प्राचीन-आ शब्दातो का (जैसे-लाज पृ० ६२, सं० लज्जा, सेव पृ० ८: सं० सेवा) या फारसी अरबी के उधार शब्द हैं (जैसे—कम्माण पृ० ३८: फा० कमान, निमाज पृ० ४४: अर० नमाज)। यह निश्चित है कि अत में आने वाला-अ (व्यंजनों के बाद का उच्चारण नहीं होता था, यहाँ इसकी उपस्थिति का कारण यह है कि लेखन-प्रणाली में व्यजन तथा-अ, और केवल अत में आने वाले व्यजन का अलग-अलग रूप न था।

(आ)—आ शब्दात (bases) या तो प्राचीन—आ शब्दात हैं (जैसे—वेसा पृ० ३४. सं० वेश्या, रजा पृ० २४. स० राजा) या प्राचीन अ शब्दातों के दीर्घकृत रूप हैं (जैसे—वअना पृ० ६: स० वचन, वल्लहा पृ० ३६: सं० वल्लभ, बोला पृ० ६४: प्रा० बोल), या-आ,-अह और व्यजन अंत वाले फारसी के उधार-शब्द हैं (जैसे—द्वाआ पृ०४२, उँ मारा पृ० ६०: उमरा; कूजा पृ० ३८: कूजह, खोजा पृ० ४२ ख्वाजह, कितेवा पृ० ४०: किताब; तुरुका पृ० ४४. तुर्क)। लगभग २२५-आ शब्दातो (bases) में से ८० प्राचीन-आ शब्दात हैं तथा १६ फारसी के उधार शब्द हैं। शेष-अ शब्दातो के दीर्घकृत रूप हैं। इनमे से कुछ के लघु रूप भी हैं, जैसे—घोला पृ० ५२ तथा घोल पृ० २४।

(ई)-ई शब्दात या तो प्राचीन-इ,-ई,-इन शब्दातो का प्रतिनिधित्व करते हैं (जैसे—सत्ति पृ० ६. शक्ति, विज्जावइ पृ० ४' विद्यापति, मेहनि पृ० १२: मेदिनी, हाथि पृ० ३०: हस्तिन्) या-ई अथवा व्यजन वाले फारसी शब्दात हैं (जैसे—वादि पृ० ३८: वादी, रइअति पृ० ६८। र'यत)। इसके अतिरिक्त जइ पृ० ४८ सं० जय का प्रतिनिधित्व करती है, गाइ पृ० ४४ सं० गो का प्रतिनिधित्व करती है, उपर्युक्त ६ सज्ञाओं के अतिरिक्त-इ वाले सभी शब्दात (bases) संस्कृत-इ,-ई और-इन् संज्ञाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं।

(ई)-ई शब्दांत प्राचीन -ई का प्रतिनिधित्व करते हैं (जैसे—लच्छी पृ० २६, मेइनी पृ० १०६), -इ का प्रतिनिधित्व करते हैं (जैसे—पाती पृष्ठ २४ : पंक्ति, भूमी पृष्ठ ६६ : भूमि 7 प्रा० भूमी, -इका का प्रतिनिधित्व करते हैं (जैसे—कहानी पृष्ठ ८ : कथानिका, पिआरि पृष्ठ २० : प्रियकारिका) तथा -इन का प्रतिनिधित्व करते हैं (मंती पृष्ठ २० : मंत्रिन्)। अतः कुछ संज्ञाओं के लघु और दीर्घ दोनों ही रूप हमें मिलते हैं जैसे-मंति,मंती,मेइनि:मेइनी। इसके अतिरिक्त फ़ारसी के कुछ उधार-शब्द भी हमें मिलते हैं, जैसे—करिंबि पृष्ठ ४०) गरबि, बादि पृष्ठ ६८, बादी पृष्ठ ८० ; काज़ी; तुरुकिनी उधार-शब्द का स्त्रीलिंग रूप है।

(उ) -उ शब्दांत प्राचीन -उ का प्रतिनिधित्व करते हैं (जैसे सत्तु पृष्ठ ८; शत्रु। रिउँ पृष्ठ १२ : रिपुपृष्ठ, पहु ५६ : प्रभु)। भाहु पृष्ठ ११२ में हमें -ऊ शब्दांत का प्रतिनिधित्व मिलता है (भ्रातृवधू) तथा गोरु पृष्ठ ६० में -उ -ऊँप 7 -ऊअ 7 -उ का प्रतिनिधित्व करता है।

(ऊ) -ऊ शब्दांत -उ शब्दांतों के दीर्घकृत रूप मात्र हैं, पसू पृ० ६, हीन्दू पृ० ४२ ∠ सिंधु 'हिंदु' (फारसीकरण के कारण महाप्राण का लोप), सत्तू पृष्ठ १०४। एक फ़ारसी का उधार-शब्द है बाजू पृष्ठ ३८ : बाज़ू।

(ए) एक संज्ञा सुअवइ पृष्ठ ८ में -अइ मिलता है परंतु वह केवल -अँ इँ के बराबर है। एक संज्ञा मातृ पृ० १८ विशुद्ध संस्कृत है। कुछ संज्ञाएँ -ए में मिलती है परंतु उनमें -ए ध्वनि संस्कृत -य की प्रतिनिधि है (जैसे वए पृ० ४०: व्यय), प्राकृत -अ(य) की प्रतिनिधि है (जैसे—राए पृष्ठ २० : राया, लोए पृ० ४८ : लोक 7 लोय । या एक स्थान पर फारसी -य की प्रतिनिधि है (खोदाए पृ० ४० : खोदाया)।

कारक-प्रत्ययः—

५—पाठ में प्रयुक्त लगभग २२०० संज्ञाओं में से २०० से कुछ अधिक प्रत्यय के साथ हैं। वे इस प्रकार हैं:—

-म, -ऐन, ऐहि (-ऐहीं ', -आना, आमिँ, ह, -हि (-हिँ), -न्हि (-न्ह), -उ, -ओ, -आएनों, -ए (एँ) और -हु।

(अ) -म (रोलम) का केवल एक उदाहरण पाया जाता है और यह प्राकृत-प्रभाव Prakritism है। (आ) -ऐन पृ० १०६, के भी चार उदाहरण हैं (पुरिसत्तणेन, जन्म-मत्तेन, और जलदानेन -ये एक ही छद मे हैं पृ० ६, और गमनेन पृ० ६४)। (इ) चार -ऐहि के उदाहरण मिलते हैं (खग्गेहीं पृ० १०४, परकमेहि पृ० ८४, चामरेहि पृ० ८४, पक्खरेहि पृ० ८४)। (ई) -आना का केवल एक उदाहरण मिलता है (नामाना पृ० १०४) और वह बहुवचन कर्म के रूप में है। क्या यह प्राचीन बहुवचन कर्त्ताकारक के पुलिंग शब्दांत -अन का प्रतिनिधित्व करता है ? (उ) कटकानीं पृ० ७६, ६४ दो बार पाया जाता है, तथा -आनि प्रत्यय का प्रतिनिधित्व करता है। यह जानना रोचक होगा कि -न -यहाँ -नँ के रूप में है, जो केवल अनुनासिकता है, जब कि यह तरकानने में पूर्णतः सुरक्षित है। (ऐ) -ह प्रत्यय के ११ उदाहरण हैं जो सब -अ शब्दांत (bases) मे हैं (जैसे—जुज्झह पृष्ठ ११०, धुत्तह पृष्ठ ३४, राअह पृ० २२)। एक बार -ह को -हा मे दीर्घ कर दिया गया है (देवहा पृ० ४)। यह -ह संस्कृत के -स्य -स्स स का प्रतिनिधित्व करता है। ग्यारहों उदाहरणों में इसका सम्बन्धवाचक भाव है।

(ए) -हि (-हिँ) के ४४ उदाहरण हैं। इनमे से २६ का अधिकरणवाची भाव है (जैसे—कीं समारहि सार पृ० ६, तहि दोआरहि पाइया पृ० ४८), ६ का कर्मवाची (जैसे—शत्रुहि मित्र कए पृ० १८) ७ का करणवाची (जैसे—पए भारहीं पृ० ६०), और २ का सम्बन्धवाची (जैसे, रायघरहि का पच्छ खेत पृ० १०२, वैरयहि करी मुख पृ० ३४)। केवल अंतिम दो उदाहरणों को छोड़कर यह सदैव परसर्गों के बिना मिलता है। उपर्युक्त उदाहरणों में एक को छोड़कर इसका प्रयोग एक

वचन में हुआ है। मैं इसे संस्कृत के -स्मिन् प्रत्यय से संबंधित करना चाहूँगा। कारक के अधिकरणवाची प्रयोगों का आधिक्य इसकी पुष्टि करता है। इस कारक के विकृत रूप में प्रयुक्त होने का प्रारंभ हमें यहीं मिलता है। बाद के एक अवधी ग्रंथ (तुलसीदास : रामायण) में इस कारक का प्रयोग विकृत रूप में ही हुआ है।

इस कारक के ४४ उदाहरणों में से, २ -उ संज्ञाओं के हैं, ३ -आ संज्ञाओं के और शेष -अ संज्ञाओं के हैं।

(ऐ) -न्हि के १३ उदाहरण मिलते हैं (१२ -अ संज्ञाओं के उपरांत और १ -आ संज्ञा के उपरांत) तथा -न्ह का एक। इनमें से ११का संबंधवाची भाव है—जिनमें से ६ परसर्गों के साथ हैं और २ बिना परसर्गों के हैं (जैसे—महाजन्हि करो बोलंता पृ० १८, अरिराअन्ह लच्छिअ छोलि ले पृ० ८६), १ का कर्मवाची (गो बोलि गमारन्हि छाड पृ० ३६) तथा २ का करणवाची (तब्बे मन्तिन्ह किअउ पथ्याव पृ० ५६, महराजन्हि मल्लिके चप्पिलिऊ)। यह कारक प्राचीन संबंधवाचक पर आधारित हैं, -हि का जोड़ा जाना संभवतः एकवचन के सादृश्य पर है जिससे कि कारक को एक भिन्न रूप दिया जा सके।

(ओ) -उ प्रत्यय के १२ उदाहरण हैं, ११-अ संज्ञाओं के बाद तथा १ -आ संज्ञा के बाद (कलाउ पृ० ४)। -अ शब्दांत के बाद वाले ११ उदाहरणों में तीन को छोड़कर सभी का भाव कर्तृवाची या कर्मवाची है (जैसे—तनहु पिआसु पिआसु पइ पृ० ४२, जसु पत्थावे पुरुहु पृ० ८)। उन तीन उदाहरणों में जहाँ -उ प्रत्यय संबंधवाची भाव व्यक्त करता है (मुहु मीतर पृ० ४२, सेण्डुसंख पृ० ६४, महामासु खंडो पृ० १०६), इसका प्रयोग समास-स्थित -अ शब्दांत की भाँति हुआ है। यह स्मरणीय है कि सेण्डु और राउ, दो कारकों में -उ प्रत्यय-आशब्दांत के ह्रस्वीकृत -अ शब्दांत के उपरांत आया है, सेना > सेन > सेन >

सेण्ड : सेण्डु, राजा > राम्रा > राम्र : राउ। इन शब्दो (सेन्न आदि राम्र) के रूप इसी पाठ से प्रमाणित हैं। यह -उ प्रत्यय प्राचीन -ओ -अह, कर्ताकारक एकवचन है।

सूचना—इन ग्यारहो मे -उ अत्य-अ के स्थान पर आता है (मासु' 'मासउ' नहीं)।

(ओ) -ओ प्रत्यय के ३३ उदाहरण हैं। इनमें से ६ अंत्य -अ के बाद जोडे गए हैं और २४ उसके स्थानपर रखे गये हैं। यह प्राचीन कर्त्ताकारक एकवचन प्रत्यय है जो साधारण या दीर्घकृत (-क) शब्दात के उपरात आता है। -जो कभी ह्रस्व होता है और कभी दीर्घ भाव सब स्थानो में कर्तृवाचक या कर्मवाचक होता है। (जैसे—जहा जाइअ जेहे जानो, भोगाइ रजा का बढ़ि नाना) केवल निम्न उदाहरणों को छोड़कर।

महाउओ का ओंकुस पृ० ८२, दिगातर राम्रा सेवो आम्रा पृ० ६४, पाओ पहारे पुहुवि कम्प पृ० १०२

चलिम्र तकतान मुरतान इब्रहिमओ पृष्ठ ६४

इन उदाहरणों में -ओ प्रत्यय की कर्तृवाचक और कर्मवाचक भाव संबधी शक्ति समाप्त हो गई है, और इसका प्रयोग साधारण शब्दात की भाति हुआ है। 'हमे पाच उदाहरण ऐसे भी मिलते हैं जहाँ इस प्रत्यय के साथ संज्ञा का प्रयोग बहुवचन में हुआ है (कुमारो पृ० ३८, कुमारो पृष्ठ ८०। द्वारओ पृष्ठ ४२, गुलामो पृष्ठ ३८, सलामो पृष्ठ ३८)।

(अं) एक उदाहरण (तरुकाणनो पृष्ठ ३८) आणनो प्रत्यय का मिलता है (संस्कृत के प्राचीन -आनाम् पर आधारित)।

(अः) -ए (-एँ) प्रत्यय वाले १६१ उदाहरणों में से १५० ए प्रत्यय-संयुक्त हैं और ३१ एँ प्रत्यय-संयुक्त हैं। इनमें से १-इ शब्दात के पश्चात् है (पूहविए पृष्ठ ४६) और इस स्थान पर स्त्री-शब्दातो के बाद आने वाले प्राकृत के विकृत प्रत्यय-एँ का प्रतिनिधि है। तीन

-अ शब्दांत के पश्चात् हैं (तुलनार्जें पृ० १४, मजाजें पृष्ठ १०६, विधातार्जें—इनमें से प्रथम दो विकृत -ए (प्रा० स्त्री) हैं, और एक -अ शब्दांत के आधार पर करणवाची हैं। शेष -अ शब्दांत के साथ हैं। सर्वाधिक संख्या एक करणवाची भाव व्यक्त करती है (६५ -ए और २७-एँ) जैसे—रूजें पृ० ४८, पश्च भरे पृ० ४६, भरें पृष्ठ ८६। इसके बाद अधिकरणवादी है (४१ -ए और ४ -एँ) जैसे—मग्गे पृष्ठ १०४, मेआंणे पृ० ५०, माथे पृष्ठ ६८। ३० कर्तृवाची हैं (२७ -ए, ४ -एँ), १३ कर्मवाची (१० -ए, ३ -एँ) और ६ (-ए) संबंधवाची हैं (जैसे प्रत्यय चिन्हे पृ० ६४)। कर्तृवाची में से ७ (जैसे—राआ पुत्ते मंडिया पृ० ४८, काचले काचलें नयने पृ० ८६, फौदे पृष्ठ ६६) और कर्मवाची में से २ (जैसे—महल मजेदे जनत्ता पृ० ४६, नाहिअइलामे पृष्ठ ४८) बहुवचन का भाव व्यक्त करते हैं। कर्तृवाची और कर्मवाची में से २४ -ए प्रत्यय -य मात्र हैं—मध्यवर्ती व्यंजन का प्रतिनिधित्व करते हुए, जो समाप्त हो चुका है अथवा संस्कृत या प्राकृत -य का प्रतिनिधित्व करते हुए (देखो ३)।

करणवाची प्रत्यय निश्चित रूप से प्राचीन -एन है (-एण और प्राचीन अधिकरणवाची -ए) कर्त्ताकारक, कर्मकारक और संबंधकारक एकवचन में संभवतः मागधी कर्त्ताकारक एकवचन -ए है। बहुवचन में कर्तृवाची -ए के कुछ अंश अवशिष्ट जान पड़ते हैं जो कर्त्ताकारक में भी हैं।

सूचना:—तीन शब्दों (रखि पृष्ठ ६४, लोइ पृ० ७४, कमत्तवइ पृष्ठ २०) में -ए प्रत्यय -इ प्रत्यय के रूप में दिखाई पड़ता है, जो नियमित रूप से -ए से बदल जाता है।

(अउ) पृष्ठ २० पर ३ उदाहरण संबोधन के मिलते हैं जो -हु के साथ हैं (लोगहु, -शोकहु, -चतुरहु)। इसका संबंध हो से जोड़ा जा सकता है जो बुलाये जाने वाले नाम के साथ संयुक्त होता था।

सूचना—व्यक्तियों को पुकारने के लिए निम्न शब्दों का प्रयोग पाया गया है:—

अरे अरे पृष्ठ २०, अहह पृष्ठ ७०, अहो अहा पृष्ठ ५०, अवे वे पृष्ठ ४० ।

विशेषण

इस पाठ में हमें लगभग ४०० विशेषण मिलते हैं। इनमें कुछ का प्रयोग संज्ञा की भाँति हुआ है, स्वयं संज्ञा जहाँ छिपी हुई है, जैसे—भुलउ बुड्डउ चेतना पृ० २६। विभाजित होने पर विशेषणों के चार वर्ग बनते हैं:—

गुणवाची १८१
परिमाणवाची २८
संख्यावाची १२८ तथा
पूर्वसंज्ञा ६१

(पूर्वसंज्ञा विशेषणों का विवेचन सर्वनाम के साथ किया जायगा) निश्चित रूप से बहुत से विशेषण संस्कृत विशेषणों पर आधारित हैं, जो तत्सम के रूप में मिलते हैं (जैसे—प्रसंग ५६, मत्त पृष्ठ ४२) अर्द्धतत्सम के रूप में मिलते हैं (जैसे—किरिस > कृश पृष्ठ ७० । निरबल < निर्बल पृष्ठ ७०) या तद्भव के रूप में मिलते हैं (जैसे—तात तप्त पृष्ठ ६०, मुहब्बा मुमध्य पृष्ठ ४८)। कभी-कभी एक ही विशेषण के कई रूप पाए जाते हैं, जैसे—सकल-श्रो पृष्ठ ५०, सअल पृष्ठ ६६, सगर पृष्ठ ६६।

केवल निम्नलिखित विशेषण फारसी उद्गम के हैं—सुरतानी पृष्ठ ६४, गंदा पृष्ठ ३८, खराब पृष्ठ ४०, सदर पृष्ठ ५०; हजार्ज पृष्ठ ३८, तेजि ताजी पृष्ठ ८४।

प्रायः विशेषण लिंग के अनुसार नहीं बदलते, स्त्रीलिंग के केवल निम्नलिखित उदाहरण मिले हैं, रुसलि विभूति पृ० १४, तेतुली वेला पृष्ठ १८, बड्डि मार्नो (स्त्रीलिंग गलत स्थान पर है मार्नो पुल्लिंग है परंतु चूंकि इसका अर्थ ज्योति है, संभवतः इसलिये सम्मिलन (Contamination) के कारण लिंग किचि (ज्योति) के अनुसार हो गया है) दोसरि अमरवतो पृष्ठ २८, औकी हाट करेओ पृष्ठ ३२, बड़ी बड़ी शफरी पृ० ३६, दोखे हिनि, साभ खीनि पृष्ठ ३६, नारि बिअक्खनी पृष्ठ ३८, आड़ि डीठि पृष्ठ ४०, गीति गरुवि पृष्ठ ४२, बड़ि साति पृष्ठ ६८, पुहुवि भए जा छोटि पृ० ६४।

विशेषण कारक के अनुसार भी नहीं बदलते। विकृति कारक के केवल निम्नलिखित परिवर्त्तनों के उदाहरण पाए जाते हैं, बहुले भाँति पृ० ३०, एक खणे पृष्ठ ३०, तरुणे तुरुक वान्धा पृष्ठ ६०, गरुजे दाते पृ० ८८, सगरे राह पृष्ठ ८०, दोसरे माथे पृ० ६८। निम्नलिखित उदाहरण केवल बहुवचन के अनुसार परिवर्तन के द्योतक हैं :—

सबे (राए) पृ० ६०, बाकुले (बक्रने) पृ० ६८, काचले (नम्रने) पृ० ६८, (चिन्हें) भिन्ने भिन्ने पृ० ६४, बड्डेओ पृ० २०, छोटेओ-तुरुका पृष्ठ ४४।

८—निम्नलिखित संख्यावाची विशेष पाठ में आते हैं—

(अ) पूर्ण संख्यावाचक—

१. एक पृ० ६२, यक पृ० ४२, एकओ पृ० ७०

२. वे पृ० ८८, वेवि पृ० ८०, दुहु पृ० ६८, दुअओ पृ० २४

(वे १४ स्थानों में प्रयुक्त हुआ है और दु ६ स्थानों में)

३. तिन्नि पृ० ८, तीनु -हु पृ० १४, तीनू पृ० २०, ३४, तीनु पृ० ३६, तिन पृ० ७४

४. चारि पृ० ८४, चारहु (पाजे) पृ० ८६

५. पंच पृ० १६

७. सात पृ० ५२
८. अट्ठ पृ० ६६, अस्ट पृ० २८
१०. दसश्रो पृ० १०, दस पृ० ६८
२०. वीस पृ० ६०
२८. अट्ठाइसश्रो पृ० ५२
१००, सए पृ० ६०, शत पृ० २८
१०००. सहस पृ० ३६, हजारी पृ० ३८
१,००,००० लख्ख पृ० २८, लख पृ० ६६
१,००,००,०००. कोटि

(श्र) क्रमवाचक—

1st. पहिल पृ० ३६, पटम पृ० १६, प्रथम पृ०
2nd. दोसरे पृ० ६८, दोसरी पृ० २८
5 th. पचम पृ० १०

(इ) श्रपूर्ण सख्यावाची—

१।३ तीय पृ० ३६

(ई) श्रन्य—

कुछ—एक्के पृ० १०४, एक्क पृ० २० किछु पृ० ६२

बहुत से—बहुल पृ० [७०, अनेअ पृ० ८४, अनेको पृ० ३८, बहू पृ० १०६, बहूता पृ० ३८, बहुत पृ० ६२, प्रचुर पृ० २८

सब—सबे पृ० ६०, सव पृ० ५०, सब्ब पृ० १६
अगणित—अरावरत पृ० ८२, अनत पृ० ४०, अखिल पृ० ८६

———

सर्वनाम

६—उत्तम पुरुष—

साधारण कारक (मूल रूप) में एक ही रूप होता है हऊँ, जो पांच स्थानों में मिलता है (पृ० ६, ८, १८, ८०, १००)। यह अहम् पर आधारित है।

विकृत रूप में मो (पृ० ६४) केवल एक बार मिलता है, और मोऊँ भी एक बार (पृ० ४) मिलता है, दोनों का संप्रदानवाची भाव है। संबंध के बहुत से रूप हैं—मम (२२, ११२), मह मस्सो (पृ० ६२, ११०- ११२,), मह मस्स (पृ० ११०), मझ्झ (पृ० ४, ५८), मइझ्झ (पृ० २२), मुझ्झ (पृ० ७०), मुज्झ (पृ० ४, ७२), सब महाम् पर आधारित-और मोर (पृ० २०), मेर-हू (पृ० २०) जिनमें विकृत रूप के साथ-साथ (कर ?) जुड़ा हुआ जान पड़ता है।

अहम् दो बार आता है (पृ० ७२, ७४) और अम्मह एकबार (पृ० ७०) केवल संबंध के रूप में। इनका संबंध प्राकृत अम्हे से जोड़ा जाता है।

१०—मध्यम पुरुष—

मूल रूप में तोमे एक बार आता है (पृ० ११२); तोह एक बार आता है (पृ० ६४), तथा तोहे चार बार आता है (पृ० ५८, ६४, ६४, ६४)। तुम्हें कर्त्ताकारक के रूप में चार बार आता है (पृ० ६०, ६०, ६४, ६४) तथा कर्मकारक के रूप में एक बार (पृ० ६०)।

विकृत रूप में तोहि (पृ० ११२) कर्मकारक के रूप में आता है, तथा तज्झ एक बार संप्रदान के रूप में (पृ० ११२) और दो बार संबंध के रूप में (पृ० ५६, ५८) आता है, तुम्हें संबंध के रूप में दो बार आता है (पृ० ६०) और तुम्ह संबंध के रूप में दो बार

पृ० ५८, ६०)। विकृत रूप तो (पृ० ५८) के परसर्ग के साथ संप्रदान के रूप में प्रयुक्त हुआ है।

इन रूपों का संबंध प्राकृत के रूपों से जोड़ा जा सकता है।

११—अन्य पुरुष—

अन्य पुरुष के रूप, संकेतवाचक दूरवर्ती तथा नित्यसंबंधी के रूप एक साथ आते हैं। मूल रूप एकवचन के रूप पाठ में निम्न प्रकार से हैं—

(अ) सो जो पाठ में संकेतवाचक के रूप में ६ बार आता है (पृ० ६, ६, ८, २६, ६२, ११२), और नित्यसंबंधी के रूप में दो बार (पृ० ४, १०)

(अ) स (पृ० १२) अन्य पुरुष सर्वनाम की तरह

(इ) सो नित्यसंबंधी के रूप में एक बार (पृ० ११२) और संकेतवाचक के रूप में एक बार (पृ० ११२)।

(ई) ओ सात बार (पृ० ४, ४०, ५०, ६८, ६४, ६४, ६८), और ओ-हु तीन तीन बार (पृ० ५०, ६४, ६४) संकेतवाचक के रूप में आता है।

मूलरूप बहुवचन के दो रूप मिलते हैं ते (पृ० ६६) नित्यसंबंधी के रूप में और ते (पृ० ६५) अन्य पुरुष कर्ता के रूप में।

विकृत रूप के बहुत से प्रकार हैं—तो दो बार आता है (२२, १००) कर्म के रूप में, और एक बार संबंध के रूप में (पृ० ६४), तहि तीन बार आता है (२८, ५०, ५०), और प्रत्येक बार बहुवचन संज्ञाओं के संकेतवाची विशेषण के रूप में मिलता है, एक बार करी (पृ० ८६) में साथ संबंधवाचक एकवचन के रूप में आता है। इसी प्रकार तन्हि (पृ० ३६) बिना परसर्ग के और तन्हि (पृ० ३६, १२) करी, करो के साथ संबंधवाचक बहुवचन के द्योतक है, और तेन्हे (पृ० ७६) तथा तोन्हि (पृ० ६२) बहुवचन संज्ञाओं के साथ संकेत-

वाची विशेषणों की भाँति रहते हैं। तसु (पृ० २६, ३८, ४४, ४, ८, १०, ५०, ७४, ८८, १००, तासु (पृ० १०, १२, ७४, १००, ७६), और तिसु (पृ० ७४) बिना परसर्ग के संबंधवाची हैं। केवल एक बार तसु 'केरा' (पृ० ३२) के साथ आता है।

अओ बिना परसर्ग के (पृ० ६६) औ की के साथ (पृ० ३२), तथा क (पृ० ७२), संबंधवाची का भाव व्यक्त करते हैं।

१२—संबंधवाचक सर्वनाम—

मूल रूप में 'जो' कर्ताकारक एकवचन के रूप में तीन बार आता है (पृ० ४, २०, ८०), तथा जे तीन बार एकवचन में (पृ० १०, १६, ७२) और एक बार बहुवचन में (पृ० ६६) आता है।

विकृत रूप एकवचन में जेन तीन बार पृ० ८ पर आता है। (प्रा० जेण) और जे>जेन तीन बार) पृ० ८, १० ८०), के विशेषण की भाँति दो बार आता है (पृ० ६०, ११२)। कर्त्ता कारक के रूप में जेन्हे आता है (पृ० १०, १२, १४, और ६ बार पृ० ७६ पर, तथा जेन्ने एक बार पृ० १२ पर)। इन सब स्थानों में यह बहुवचन में है। जेइ का एक उदाहरण है (पृ० १०) और जान्हि के दो उदाहरण हैं, एक बार पृ० ३४ पर बिना परसर्ग के, और एक बार 'के' सहित पृ० ३२ पर संबंधवाचक एकवचन में हमें जसु (पृ० ६, ८, ७४, ७६, ७८, ११४), जस्स (पृ० ६), जासु (पृ० ६, ८, ४८, ८४) और जिसु (पृ० ७५) मिलते हैं। जम (पृ० १० पर) अधिकरण के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है, जेहे 'गानों' (पृ० २४) के विशेषण के रूप में, और जेओन (<येमुना) दरबार भेआणे की पृ० ५० पर।

१३—संकेतवाचक निकटवर्ती—

मूल रूप में हमें ई पृ० ४ पर मिलता है, और एहु पृ० ८, १८, ५०, ६६ पर, तथा विकृत रूप में एहि (पृ० १८) और एहि (पृ० ५०) पर।

ई आधुनिक संकेतवाचक है, एहु एहो और एहि, एहीं -हि में कदाचित् विकृत प्रत्यय का द्योतक है।

१४—प्रश्नवाचक—

मूल रूप में हमें 'को' पृ० ८, ६२, ६४, ८७, ६६, ११० पर मिलता है, के प्राणिवाचक के रूप में पृ० ५२, ८८ पर, की पृ० ६, ६८, ६८, ६०, ७०, ७६, ८० पर, का पृ० ४, २८, ३४, ४०, ४२ पर, और काह अप्राणिवाचक के रूप में पृ० ६४ पर, कवन पृ० ८ पर मिलता है, कओणा पृ० ५१ पर, कमना पृ० ६८, ६६, ११२ पर और कमण पृ० २२ पर।

केरा के दो उदाहरण हैं (करण-पृ० ६४, ६८ पर), इनमें से को > कह > के, की का मागधी रूप है, कि 'क् ल् य' का प्रतिनिधि है, का और काह ? कवन इत्यादि क उरा से संबंधित हैं।

१५. अनिश्चयवाचक—

(अ) कोइ (पृ० १६) पर एक बार आता है, और काहु १२ बार (६ बार पृ० २४ पर और एक-एक बार पृ० ३४, ३६ और ४२ पर)। एक बार पृ० २४ पर हमें काहु-ओ मिलता है। अप्राणिवाचक किछु पृ० २०, ३०, ३२, ४२, पर मिलता है और आन से संयुक्त पृ० ४२ पर।

(आ) 'दूसरा' अर्थ वाले सर्वनाम निम्नलिखित हैं:—

आन (आण) > अन्य पृ० १८, ३०, ५८, ६२, ६४ पर, इअर पृ० ६०, इअरो (पृ० ४) इतर, अवर (पृ० ३४) अपर तथा पर पृ० ४८ पर।

१६. निजवाचक—

आत्मन् पर आधारित हमें बहुत से रूप मिलते हैं, जैसे, आप (पृ० ४८, ८०), आपक (पृ० ६०), अप्पा (पृ० १०४), अप्प (पृ० ४), अप्पु (पृ० ३२, ६६), अपन (पृ० २२), अपने

(पृ० ३१) अपनेहु (पृ० ६०) अपनेंओं और अप्पन (पृ० १००)। सब संबंध के अर्थ में प्रयुक्त हुए हैं केवल आपे को छोड़कर जिसका अर्थ है 'अपने द्वारा'। निअ (पृ० ७२, ८८) और निजें (पृ० ८, १८, ६०, ६४, १००)/ निज, तथा निअ (पृ० १२, १०२) का अर्थ है 'अपना'।

१६. Pronominal Abjectives—

निम्नलिखित Pronominal Abjectives, उन के अतिरिक्त जिनका उल्लेख विभिन्न सर्वनामों के अंतर्गत हो चुका है, पाठ में मिलते हैं :—

(अ) तैसना (प्रस्ताव) पृ० ६२ तैसओ (कब्ब) पृ०४, अइस पृ० २८, अइसो (कटक्न्ही) पृ० ६२, अइसेओ (प्रतापे) पृ० ४४, अइसनओ (आस पृ० ३६), ऐसनेओं (उँतलाप) पृ० ६२, अइसे उअओ पृ० ३४, जइसओ (कब्ब) पृ० ४

(आ) ततुला (वेला) पृ० १८, एत्ता (दुम्ख) पृ० ७२, कत पृ० ८८

(इ) एवे (लमवन) पृ० ६, कत (घाँगड़) पृ० ६०, कतहु पृ० २४

इनमें से (अ)—दृश (तादृश इत्यादि) पर आधारित हैं, (आ) और (इ)—वत् पर। न प्रत्यय तैसना, तैसओ में जुड़ा हुआ है; ऐस साधारण रूप हैं।

परसर्ग

१८. इस पाठ में केवल १०० के लगभग परसर्ग मिलते हैं। इनमें से संज्ञा और सर्वनामों के बाद आनेवाले में से संबंधवाची परसर्ग ७३ बार प्रयुक्त हुए हैं, करण और अपादान ११ बार, अधिकरण ६ बार और संप्रदान १ बार। बचे हुए परसर्ग क्रियाविशेषणों के बाद हैं, जैसे तै और कहु।

(अ) संबंधवाची—संप्रदान

क—१७ बार (जैसे पृ० १४ 'शक्ति क परीक्षा') केवल एक बार यह सम्प्रदान के रूप में प्रयुक्त हुआ है (अहिमान क पृ० ५८)

का—३ बार, एक संबंध के रूप में (नागरन्हि का मन गाड़ पृ० ३६) और दो बार संपादन के रूप में (अधम उत्तम का पारक पृ० १६, आन का लाग पृ० ३०)

का—३ बार, (१००, २०२, ९२) सब स्थानों में संबंध के रूप में प्रयुक्त (जैसे-कण्डक का पानी पृ० १००) हुआ।

कं—७ बार सदैव संबंध के रूप में और विकृत रूप की संज्ञा के साथ (जैसे—सुलतान के फरमाने पृ० ८०)

कइ—३ बार, एक बार स्त्रीलिंग संज्ञा के साथ (आस असवार कइ पृ० ८६) और दो बार पुल्लिंग संज्ञा के साथ (सिर नवइ सब्ब कइ) पृ० ५०, भए सब्ब कइ पृ० ५०)

को—७ बार, सब संबंध (जैसे रस को मन्त्र)

करो—१४ बार, सब संबंध एकवचन संज्ञा के साथ (जैसे—तान्हि करो पुत्र पृ० १२)

करे—२ बार, दोनों बार संबंध विकृत रूप की संज्ञाओं के साथ (कुम्भोद्भव करे निनमातिकमे पेलि पृ० ८२, पद्म करे आकारे पृ० ८६)

करेओ—४ बार (१४, ३०, ३२, ५० जैसे—करेओ दप्प चूरेओ)

करी—७ बार, सब संबंध स्त्रीलिंग संज्ञा के साथ (जैसे—उच्च करी डिठि पृ० ११२)

केरा—५ बार, सब संबंध (१०, २६, ३२, ७२, १०२ जैसे—ता केरा बड्डिपन पृ० १०)

केरी—१ बार स्त्रीलिंग संज्ञा के साथ (तम् दिश केरी रायघर-तरुणी हट्ट विकाथि पृ० ६०) इनमें से क, का, का, के और कइ 'कृत' के कुछ

रूपों में संबद्ध हैं, तथा करो, करे, करेओ और करी का संबंध उसी प्राकृत कृदंत के दीर्घकृत रूप से थे, तथा केरा और केरी कार्यक से संबद्ध जान पड़ते हैं।

(आ) अधिकरण—

माझ २ (सुवराजन्हि माझ पवित्र पृ० १२, माझ संगाम पृ० १०४)

मजु १ (सेना मजु पृ० ८०)

माहि १ (विथि माहि पृ० ३२)

पा १ (भूमि पा पृ० ८६)

परि १ (कमन परि)

इनमें से माझ और मजु की व्युत्पत्ति मध्य से हुई है और पा ∠ पद्म या पार्श्व, पारि ∠ उपरि

(इ) करण-अपादान—

से २ (दाम से पृ० ८४, तास से पृ० ८४)

सनो ६ (६, २२, ३२, ८२, १०४, जैसे—जीव सनो पृ० २२)

तह १ (याचाहु तह पृ० ३०)

हो १ (रोल हो पृ० ३०)

हुन्ते १ (डर हुन्ते पृ० ४६)

इनमें से सनो ∠ सम या समान, 'समान' 'पव्वत समान' में प्रयुक्त पृ० ८२; और से ∠ सहितेन जब जि तह संभवतः ततहु से हुन्ते अपूर्ण कृदंत √ भू के अधिकरण रूप होन्ते से तथा हो भी √ भू से संबद्ध है।

(ई) संप्रदान—

संबंध के अंतर्गत दिए गए उदाहरणों के अतिरिक्त हमें एक बार 'लागि' लिए के अर्थ में प्रयुक्त मिलता है (तेसरा लागि पृ० ३४)।

क्रिया

१६. पाठ में भूतकाल की और habitual तथा historic

वर्तमान की क्रियाओं का बाहुल्य है, और यह एक वर्णनात्मक कविता है। दूसरी क्रियायें प्रायः प्रत्यक्ष रूप में पाई जाती हैं।

२०. वर्तमान काल--

यह प्रायः पुरुषवाची प्रत्ययों के साथ क्रियाओं द्वारा अभिव्यक्त किया जाता है जो अधिकतर प्राचीन वर्तमान काल पर आधारित हैं। प्रत्यय इस प्रकार हैं--

	ए० व०	ब० व०
उत्तम	—अओँ	
मध्यम	(अ) सि	
	(आ)—अहि	
अन्य	(अ)—अइ (अए)	
	(आ)—अहि	
	(इ)—अथि	
	(ई)—अ	

सूचना—इन प्रत्ययों का आदि अ-लुप्त होता है यदि वे आकारांत धातुओं के बाद आते हैं (जा-जाथि पृ० ३०), ए (देः देइ पृ० ४०) और ओ (होः होइ पृ० १६)

उत्तम पु० ए० व०—उदा० जम्पओं पृ० ६, लावओं पृ० १००, हओ कहओं पृ० ८०। एक उदाहरण ऐसा है (देखओ पृ० १८) जहाँ-अँ-(जो केवल अनुनासिकता का द्योतक है) का अभाव है। यह प्रत्यय आमः पर आधारित है, जो बहुवचन से एकवचन हो जाता है।

म० पु० ए० व०—इसके केवल ३ उदाहरण हैं (अ)—कहसि पृ६, जासि पृ० ११२, और मग्गसि पृ० ११२ तीन उदाहरण हैं (आ) जाहि, पृ० ११२, जाहि-जाहि पृ० ११२, जाहि-जाहि पृ० ११२—सब आज्ञानवाचक भाव

में। दोनों कदाचित् प्राकृत के -सि प्रत्यय हैं (b) स-कान्ह में विकास दिखाते हुए।

अ० पु० ए० व०—सर्वाधिक प्रचलित रूप—अइ (जैसे-बेसाहइ पृ० ३२, पजटइ पृ० २८), लगभग ६ उदाहरण—अए (जैसे-मिलए, पृ० ३८) के हैं, ६ हि के (जैसे धावहि पृ० ६४) और १६ (इ) के (जैसे-आवथि पृ० ३०); एक बार होथ पृ० १०२। कभी-कभी एक ही धातु एक से अधिक रूपों के अंतर्गत मिलती है। (रहइ पृ० ४२, रहहि पृ० ४८ आवहि पृ० ४६, आवइ पृ० ६०)। इन रूपों में से (अ) संस्कृत-अति > प्राकृत अइ से संबंधित है, -अए मात्र अई का भिन्न उच्चारण है। अथि में प्राचीन रूप का शक्तिशाली महाप्राणत्व के साथ Resusicitation जान पड़ता है, और अहि की व्युत्पत्ति अथि से मानी जा सकती है। या संभवतः—अहि का इ शक्तिशाली अइ का प्रतिनिधि है। यह स्मरणीय है कि आधुनिक मैथिली के समान-अथि कोई आदर सूचक भाव व्यक्त नहीं करता। चटर्जी, पृ० ६३६)।

उपर्युक्त के अतिरिक्त ए के दो उदाहरण मिलते हैं (करे पृ० ३४, खरिदे पृ० ३६ जो वस्तुतः अइ का आगे का विकास है। अ के वर्तमान काल के १० उदाहरण हैं (जैसे—कर पृ० ३४, बाज पृ० ५२, बस पृ० ३६, होअ पृ० ३८)। -अ के भूतकाल के कुछ उदाहरण हैं (देखो २१ (अ)। इस प्रकार एक अ का रूप तुलसी दास में भी पाया जाता है। इसका मूल क्या है? क्या यह अइ के अंत्य इ का लोप प्रकट करता है? परंतु इसका समर्थन आधुनिक भाषा से नहीं होता। मैथिली या अवधी! क्या पूर्ण कृदंत यहाँ वर्त्तमान की भाँति प्रयुक्त मिलता है?

सूचना—कुछ उदाहरणों में—आ, ए और ओ की धातुएँ अपने

आप मिलती हैं। विना, किसी Desinence के (जा पृ० ३४, खा पृ० ४२, दे पृ० ४२, हौ पृ० १०२, ले पृ० ८६)

अ० पु० ब० प०—(अ) रूप में—अहि सर्वाधिक प्रचलित है जैसे देरहि पृ० २६, आनहि पृ० २८, (आ) के केवल ३ उदाहरण हैं—(तौल्लन्ति पृ० ३८, हसाहन्ति पृ० ३८, पक्षालेन्ति पृ० १०६। दोनों प्राचीन आति से संबद्ध है।

२१—भूतकाल

यह प्राचीन पूर्ण कृदत पर आधारित है। बाहुल्य के कारण रूपों की विभिन्नता स्पष्ट नही है, और उनका प्रयोग बिना पुरुषों के सबंध के है। एक ही रूप उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष और अन्य पुरुष कर्त्ता के साथ प्रयुक्त मिलता है। प्रत्यय निम्नलिखित हैं—

(अ) ओ, उ, उँ, अ, आ एक वचन में और ए बहुवचन में।

(आ) औं (-ऑ)।

(इ) इअओ, -इअउँ (-इअउ), -इउ।

(ई)-इअ, -इन, -इआ।

(ए)-इओ

(ऐ) अल, -अलि।

(अ)-ओ में इस रूप के चार उदाहरण हैं (जैसे मिमजो पृ० १०८, खरो पृ० १०६) -उ में बारह पद, बगु पृ० १८, पसरु पृ० ३२, पुच्छु पृ० ५८) -अ में लगभग बीस (पइट्ठ पृ० ४६, भाग पृ० ३०), आ मे चार (पृ० २०, बिका पृ० ६८, आआ पृ० ६४, बहुराना पृ० ४८) और ए मे सात (पइट्ठे पृ० ३८, मरे पृ० ३८, थारे पृ० ४६)।

(आ) इस प्रकार के रूपो की बहुत बड़ी संख्या है, -इअ के साथ ये संख्या में सबसे अधिक है। बहुत कम उदाहरणों में अनुनासिकता का अभाव है। जैसे—

उँपन्नउँ पृ० १६, हुअउँ पृ० ८।

(इ) इअश्रो का एक उच्चारण है (धन छोड़िओ पृ० २२), इअउँ के बहुत से उदाहरण हैं (जैसे—करिअउँ पृ० ८, तुम्हें मरिअउँ पृ० ६०, करिअउ पृ० २४।) ईंउ के बहुत थोड़े से उदाहरण प्राप्त हैं (जैसे जेन, निवँ, कुल उद्धरिउँ पृ० ८)।

(ई) इस प्रकार के रूपों की संख्या बहुत है, इअँ इअ का अनुनासिक रूप मात्र है (जैसे—जेन चले रावण मारिअ पृ० ८, रिउँ दलिअ तुम्हें पृ० ६०, महल को मम्म जानियँ पृ० ५२)। इआ के केवल ६ उदाहरण हैं, जो छंद की सुविधा के लिए इअ का दीर्घीकरण मात्र (जैसे—पअ भरे पथर चूरीअ पृ० ४६)। उग्गिअ पृ० ३२ और चुकिइ पृ० ६२ में इ-है।

(ए) एओ—इस रूप के ६ उदाहरण हैं (जैसे—जेन्हे साहि करो मनोरथ पूरेओ पृ० १४)।

(ऐ) अल (इल)—केवल ४२ उदाहरण इस रूप के प्राप्त हैं। अल पुल्लिंग है और अलि स्त्रीलिंग (जैसे—सुरतान समानल पृ० १०, रूसलि विभूति पलटाए, आनलि पृ० १४)। एक उदाहरण में रूव के अंत में-इल (स्त्री०) मिलता है। (गोमठ पुरिल वही पृ० ४४)।

उपर्युक्त रूपों में हमें प्राचीन पूर्ण कृदंतों की कई अवस्थाएँ मिलती हैं—साधारण और दीर्घकृत-इ के साथ और बिना-इ के। अनुनासिकता का कारण बताना कठिन है। -इ रूव वस्तुतः कृदंत शब्दांत (base) तथा इल्ल प्रत्यय हैं। आधुनिक मैथिली को ध्यान में रखते हुए भूतकाल के सब रूप-ल कृदंत पर आधारित हैं। प्रस्तुत पाठ में इनकी कम संख्या आश्चर्यजनक है।

अन्य पुरुष बहुवचन क्रिया का केवल एक उदाहरण उपलब्ध है—(लहेन राय गएनेस पृ० १८) जहाँ-एन पुरुषवाचक प्रत्यय जान पड़ता है।

सूचना—बहुत से स्थलों पर पूर्ण कृदंत विशेषण की भाँति प्रयुक्त मिलता है जैसे वेश्र पढ पृ० ८।

२२—भविष्यकाल।

भविष्य के केवल निम्नलिखित उदाहरण हमें पाठ में मिलते हैं—

उ० पु० कहबा पृ० १०

म० पु० (तुम्हे ण) होमउँ (अमहना) पृ० ६०

अ० पु० होसइ पृ० ४,६४,६४

दूसिहइ पृ० ४

सिभिहइ पृ० ६२

करिह पृ० ४, बुभिहइ पृ० ४, जिवहि पृ० ७२, धरिजिह पृ० ७४, दीजिह पृ० ७२, होइअ पृ० ३०

इनमें से कहबा तव्य > अव्व पर आधारित है, तथा शेष प्राचीन भविष्य काल पर : होसउँ > भविष्यय > होइस्सह > होइस्सहु > होसउ, वर्ण स—ह हो जाता है (जैसे—दूसिहइ में) अथवा लुप्त भी हो सकता है (जैसे—होइअ)

सूचना—उपर्युक्त सामान्य अवस्था के रूप हैं। सभावनार्थ के लिए अलग से रूप नहीं हैं, सामान्य के ही रूप जइ या जओ के साथ इस भाव को व्यक्त करने के लिए प्रयुक्त होते हैं। संभावनार्थ का दूसरा रूप (Gonditional) अपूर्ण कृदत पर आधारित है (देखो विभाग २४), इसके केवल दो उदाहरण मिलते हैं (तओ) सिह्वात (रज्ज) पृ० ५६ (आर्ने कत) सहत (जे राए) पृ० ७४।

२३ आज्ञार्थक

म० पु० ए० व०—आठ उदाहरण हैं: (अ)-अ में, सुण पृ० ६४, सुन पृ० ६, भण पृ० २२, कह-कह पृ० ८०, अनुसर पृ० ११२ (आ) हि में, जहि पृ० ११२ (इ) इउ में, करिउ पृ० ६२, हरिजिउ पृ० ६४।

इनमें से (इ) कदाचित् प्राचीन म० पु० ए० व० आत्मनेपद-स्व (कुरुष्व) से संबद्ध है।

म० पु० ब० व०—६ उदाहरण मिलते हैं : करहु पृ० २०, कहहु पृ० १६, ५०, ५६, करओ पृ० ५८, सुनओ पृ० ३८,१६ भुंजह पृ० १८, सज्जह सज्जह पृ० ८२।

ये सब -था में प्राचीन मध्यम पुरुष वर्त्तमान बहुवचन पर आधारित हैं, जो प्राकृतों की किसी अवस्था में थो > हो > हु: ह हो गया था।

अ० पु० ब० व०—प्राप्त आठों उदाहरण प्राचीन-तु पर आधारित है (रहउँ पृ० २८, जाउँ पृ० २२, जाउ पृ० ७६, साहउ पृ० १०, जिअउ पृ० १०, करउ पृ० १०, करओ पृ० ६०; करिअउ पृ० ३८।

उपर्युक्त के अतिरिक्त एक impersonal passive imperative—अइ और -इअ में मिलता है, जैसे—एहु कम्म न करिअइ पृ० १८, सोविअइ पृ० ६४, करिज्जइ पृ० ६४, धरिअइ पृ० १८, जाइअ पृ० ६८, आनिअ पृ० ६८, चानिअ पृ० ६८। यह वर्तमान कर्मवाच्य पर आधारित है।

२४ अपूर्ण कृदंत

इसका प्रयोग प्रायः किसी एक वस्तु की स्थिति का वर्णन करते समय होता है, तथा कभी-कभी इसका प्रयोग वर्त्तमानकालीन मूल क्रिया के स्थान पर होता है।

इसके दो रूप है :

(अ)—अंत (आ)—अंते

(अ) जैसे—अवे वे भणांता (तुरुका) पृ० ४०, आवन्ता जन्ता फल करन्ता मानव पृ० ४८, पूवविए वाला आवन्ता पृ० ४६

(आ) जैसे…हाथी…आथी भागन्ते गाछ चापन्ते पृ० ८२, सिकार खेलन्ते…परदप्प ममि भजंते…बाट संतरि…सुरतान बइठ।

सूचना १—अन्त के कुछ उदाहरण (बोलन्त पृ० ७४), दुरन्त पृ० १०६, बुड्न्त पृ० १६, १०६, तथा अन्तश्रो के कुछ उदाहरण (भनन्तश्रो पृ० ४६), एव-अन्तो के कुछ उदाहरण (करन्तो) पाए जाते हैं।

सूचना २—पृ० ६० पर जाइते और खाइते कृदंत के रूप से जान पड़ते हैं। मैं उन्हें संज्ञार्थक क्रिया के विकृत रूप (देखो खंड २८) तथा परसर्ग से संबद्ध मानता हूँ।

इस कृदंत का प्रयोग पाठ में वचन एवं पुरुष के परिवर्त्तन से अप्रभावित होकर हुआ है। उदाहरणार्थ पृ० ४६ पर भमन्तश्रो, उअश्रो राजकुमार का विशेषक है, और पृ० ३४ पर खण्डन्ते इत्यादि वेश्याहि का विशेषक है।

-श्रो एवं-श्रा (अ) रूप प्राकृत कृदत के कर्त्ता कारक हैं।—ए रूप जहाँ यह कर्त्ता है, मगधी कर्त्ता-ए का प्रतिनिधित्व करता है। कुछ स्थलो पर यह कृदत का अविकरण है जैसे-महाजनहि करो बोलन्ते पृ० १८।

सूचना—एक स्थल पर-अन्ते के तुक के कारण परिवर्तित होकर अदे हो गया है (बिहरदे पृ० ४६)। -अलइना पृ० ३४ मे क्या प्राचीन प्रत्यय-आन (अलभमानः) का उदाहरण है ?

२५. The Absolutive

इसकी अभिव्यक्ति (अ)-इ अथवा (आ)-इअ जोड़ने से होती है जैसे—गइ, थइ पृ० ४२, साधि पृ० १४, छोड़िअ पृ० ७०, करिअ पृ० ७६, विस्थारिअ पृ० ८८)। (आ) के केवल १२ उदाहरण हैं और एक स्थल पर प्रत्यय अनुनासिक जान पड़ता है बिसर्मिअँ पृ० ५२। कुछ स्थलों पर (अ) क-इ,-ए के समान जान पड़ता है (जैसे— मनुसाए पृ० ६६, धाए पृ० ६२, धाअे पृ० ६०)

Absolutive प्रायः बिना परसर्ग के पाया जाता है। केवल कहुँ ६ बार आता है (धाए कहु पृ० ६२, दमसई कहुँ पृ० ६६, सुनि कहुँ पृ० ६८, ठेल्लि कहुँ पृ० १००) पलटि कहुँ पृ० ११०। सम्माद्दि कहुँ पृ० ८।

जा पृ० ८८, ले ले पृ० ४० में धातु रूप स्वयं alsolutive व्यक्त करता है, तथा वेचा पृ० ६८, आँ और पुच्छिहि पृ० ५२ में इहि एक alaolutive की ओर संकेत करता जान पड़ता है।

–इअ, इ की व्युत्पत्ति प्राकृत इय से है, जो इ हो सकता है, और बाद में एकदम लुप्त भी हो सकता है। जैसे—जा, लै में।

२६ कर्मवाच्य

संयुक्त कर्मवाच्य प्राकृत के-इज-और-ईअ-से व्युत्पत्ति-संभव, २७ रूपों में मिलता है, ७-ज-और २०-ई-। उदाहरणार्थः

जेन्हे यह हुआ जम सहिजिअ पृ० ७६

सुह मुहुत्त अहिशेक किजिअ पृ० ७६

अरु कत धागइ देखिअथि पृ० ६०

जे सब करिअउँ अथ बस पृ० १०

संयुक्त कर्मवाच्य √जा के साथ केवल २ या ३ बार आता है; चूरि जा वसुंधरा पृ० ८४, बहुत बापुर चूरि जाथि पृ० ३०

२७ प्रेरणार्थक

प्रेरणार्थक के लगभग बारह उदाहरण है। जैसे—पतला पृ० १४, करावए मारि पृ० ६०, बैठाव पृ० ४२, इन सबकी व्युत्पत्ति प्राचीन प्रेरणार्थक अ और-आव से संभव है।

२८ क्रियार्थक संज्ञा

चार उदाहरण मूल कारक-रूपों के हैं (जीअना < जीवन-क पृ० २०)

बसमे पानेल पृ० २४, देभा पृ० ४४, मारि पृ० ६०) जिनको (अ) प्राचीन-अन-तथा (आ)-ए से सबंधित करना चाहिए। विकृत रूप के आठ उदाहरण हैं (बाइते पृ० ४४, रहइतें पृ० ८६, करइते पृ० ६२, सेवइ पृ० ६०, दीवइ हणे पृ० ६८, दिगाइए पृ० ३०, किनइ ते पृ० ३०, बिकाएँ पृ० ३०, चुआए, पृ० ६८ बोली, बोलए पृ० २०)। यह विकृत रूप क्या है ? चटर्जी (वैं० लै० में पृ० १०१४ पर) इसे मात्र क्रियार्थक संज्ञा का विकृत रूप मानते हैं, जो -इ में है, तथा इस-इ को प्रत्यय बताते हैं।

भन रूप (अ) एकबार-इ में समाप्त होता है (बुभभनि पृ० १८)

कर्तृ वाचक सज्ञा

इसका केवल एक उदाहरण है बुभभनि-हार पृ० १८, हार का संबंध धारक से जोड़ा जा सकता है।

२६ क्रिया 'होना'

इमें ३ धातुओं के रूप मिलते हैं।

(अ) $\sqrt{}$अस, इइ पृ० ४०

(आ) $\sqrt{}$भू (१) हो पृ० ६६, होअ पृ० ३६, होइ पृ० १०२, हुअ पृ० ६४, होअउँ पृ० ७६, हुअमीं पृ० १००, हौसइ पृ० ६४, हौसउँ पृ० ६०

(२) भइ पृ० १००, भए, पृ० ७०, भउँ, भउ पृ० ६८ भेल पृ० १०२, भोलि पृ० १४

(इ) $\sqrt{}$रह रहु पृ० ६६, रहइ पृ० ४२, ८६, रहिअउ पृ० ७०

३० संयुक्त काल

संयुक्त काल के रूपों के उदाहरण बहुत कम हैं। निम्नलिखित प्राप्त हैं—

आवत्त हुअ पृ० ६४
रिसिआइ हइ पृ० ४०
सहि रहिअउँ पृ० ७०
उद्दि रहे पृ० ११०

२१ संयुक्त क्रिया

संयुक्त क्रिया के २४ उदाहरण हैं—

(अ) √चह चाहने की भावना को व्यक्त करता है : भागए चह पृ० ३६, उपर चढ़ावए चाह पृ० ४४

(आ) √लाग किसी कार्य के प्रारंभ करने की अवस्था को व्यक्त करता है—बोली लागु पृ० २०

(इ) √पाव और √पार किसी कार्य को करने की क्षमता को व्यक्त करता है—किनइते पावथि पृ० ३०, बसवे पानेल पृ० २४, चुअए पाइअ पृ० ६८; गणए णा पारला पृ० ४६, गणए न पारिअइ पृ० ६४ सहहि न पारइ पृ० ६०

(ई) √जा, √ले और दे किसी कार्य के पूर्णत्व या घनत्व को व्यक्त करता है ?

भए गेल पृ० १६, ६०, मर गए पृ० १०४, धाए गए पृ० १०८, लाधि जाथि पृ० ८४, भए जा पृ० ८६, जिती जा पृ० ८६, देखाए जा पृ० १००, खाइ ले पृ० ४०, छोलि ले पृ० ८६, पृ० मेलि देओ ११०, बाहर फए देल पृ० ८०, दीलिहि बन्ध पृ० ७२

क्रिया विशेषण

२२. स्थानवाची

(अ) सर्वनाम पर आधारित

(१) जहाँ—जम पृ० २६, जहा पृ० १०८, २४,-६८ जहिम पृ० ३८, ६०, जइध कें पृ० ११२ जहाँ कहीं-जम जम पृ० ६८, जहिम-अहिम पृ० १०६

(२) कहाँ ?—कइ पृ० ६, कहीं-कही, कहीँ पृ० ३८, कतहु पृ० ४२, ४४

(३) यहाँ—इअ पृ० ४८, वहँ पृ० ५८, ऐहु पृ० ६६

(४) वहाँ—तथ्य पृ० ३८, तमतम पृ० ६८, ताहा पृ० ५८, तहा पृ० ७२, १०८ तहीं तहीं ह० १०६, ओहु पृ० ६६, उथि उथि पृ० ५०

(५) सब जगह—सब तहुँ पृ० ३८,६०, एक स्थान पर एकट्ठ पृ० ८

(आ) अन्य प्राचीन क्रियाविशेषणों पर आधारित

ऊपर—उँप्पर पृ० ३४, उँप्परि पृ० ३२, उपर पृ० ४४, उप्पर पृ० ६०, उप्परि पृ० ५०

अंदर—भीतर पृ० ४२, सामने—अग्गि पृ० ६६, सजो पृ० ११२, सोझ पृ० ११२

पीछे—पाछे पृ० ६४, पाछु पृ० १०२, १०८, पछु पृ० ४०, पीछे पृ० ६६

बाहर—बाहर पृ० ४६,८०, बाहरओ पृ० ६२; पास—निअर पृ० ११०, पास पृ० ८८

दूर—दूर पृ० ३८, ५२, बड़ा दूरअ पृ० ६०, सब तरफ से—चौपट पृ० ११० अतरे पटरे पृ० ४८

३३ समयवाची

(अ) सर्वनामों पर आधारित

(१) जब—जम पृ० ३४, जब पृ० ६६, जबे पृ० १८, १६, ३०, ३४, जाबे पृ० ७६, जमरा पृ० ४०; जब कभी—जब ही पृ० ४२, जखणे पृ० ६६, ६६

(२) अब—अबे पृ० ५८, अबहि पृ० ६२

(३) तब—ता पृ० ५२, ११६, तब पृ० १००, तब्बे पृ० ५६, ११० तबे पृ० २२, ३४ तावे पृ० ७६, तबही पृ० ५२, तलो पृ० ३८ तउ पृ० ५८, तोउ पृ० ५२, तं खने पृ० २६, तम खणे पृ० ६०, ७२, ८८, ११२; तब भी—तबहु पृ० ४२, ७०, तब्बहुँ पृ० ५८

(४) कभी कभी—कबहु पृ० १८, ६०

(आ) अन्य क्रियाविशेषण पर आधारित

आज—अज पृ० ५८, अज्जु पृ० १००, आज पृ० ३०, अभी तक—अद्य पर्यंत पृ० ५०; पहला—पढम पृ० ५८; लंबा-चिरे पृ० ४४; इसी बीच—इत्थंन्तर पृ० ६४; फिर—पुनु वि पृ० ६२, ७६, पुनः पृ० ५६, पुनु पृ० १२, १८, २८, ५६, ५८, ६४, ७६, ११२, निचइ; सदा—एक बार—सहसहि पृ० ६०

३४ प्रकारवाची

(अ) सर्वनामों पर आधारित

(१) जैसे—जिमि पृ० ८६, जसे पृ० ६४, जसों पृ० ४२, जँसवे पृ० ३२

(२) कैसे—कैसे पृ० ३६ किमि पृ० ४, १६, ७२, ८०, किमि करि पृ० ८०, कस पृ० ८३, काजि पृ० ४, कमरा पृ० ४, कमने पृ० ४८, कस पृ० ७४

(इ) इस प्रकार—अस पृ० १८

(आ) अन्य प्राचीन क्रियाविशेषणों पर आधारित

इस प्रकार—एव पृ० ७०, एवँच पृ० ६८, एम पृ० ५१, ६०, ११२

३५ अन्य क्रियाविशेषण

नहीं—न, २० बार, जैसे, पृ० ४, ६; न ७ बार जैसे पृ० ८, नहि १४ बार जैसे पृ० १८, णहि ६०; नहीं पृ० ६८, नाहिं पृ० ६४, ६४, नहु पृ० ७०, निश्चय—णिचय पृ० ४, हु पृ० ६, धुअ ६ बार जैसे पृ० ६४ अवस पृ० ६०, अवसओ पृ० ४, २६ वृथा–पृ० २०, अति-पृ० ३६, ४०, ७० ससरें पृ० ३६; क्यों-काइ पृ० ६८, किंनि पृ० ८२, की पृ० ११२, साथ - मग पृ० ८४, सथ्थे पृ० ११२, इत्यादि प्रभृति ८६

३६ समुच्चयबोधक

(a) Cumulative—और—अवर पृ० १००, अरु १० बार जैसे पृ० ८, अवरु पृ० १, ८, २२, २८, १०६; फिर और-अवि अ पृ० २८, अपि ६६

(b) Alternative—वरु पृ० २२, कि पृ० २२

(c) Adversative—किंतु-पइ पृ० २०, ६४, ७२, पए पृ० ५०, किंतु नहीं णा उँण पृ० २२, न उण पृ० २०, न ज़ॅण पृ० २०

यदि- जइ ८ बार पृ० ६, जें पृ० १००, जओ पृ० २२, जा पृ० ७४, जउ पृ० ४२, जओ पृ० ११२, जम, पृ० २२, तब-अथ पृ० १६ ५६, ता ५ ६, तम पृ० ६२, तउ पृ० ७०, तोवि पृ० १०२, तो ६ बार जैसे पृ० ६०, तइ, पृ० ११२, तओ पृ० १००, इसलिए–तैसन पृ० ६, मानों-जनि ८ बार जैसे पृ० ४८

(d) Subordinative के पृ० ७४

३७ बलात्मक रूप

(अ) हु, ओ, उ संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रियाविशेषण के साथ जोड़े जाते हैं—जैसे प्रभुहु पृ० २४, वहुओ पृ० २६, बिगाहु पृ० ७२। इस प्रकार के लगभग ३० रूप पाठ में हैं। ये प्रत्यय खलु > खु > हु > उः ओ से आकर जुड़ते हैं।

(आ) -हि,-इ संज्ञा सर्वनाम, विशेषण और क्रियाविशेषण के साथ जोड़े जाते हैं—सीमित होने का भाव देने के लिए जैसे—धम्म पसारइ पृ० ७२, पढमहि पृ० ८२। इस प्रकार के लगभग १२ रूप पाठ में हैं। इस प्रत्यय का संबंध कदाचित्, एव से है,—बलात्मक होते हुए।

कीर्ति-लता

मूल

(प्रथमः पल्लवः)

पितरुपनयमह्यंबाकनद्या मृणालं
न हि तनय मृणालः किन्त्वसौ सर्पराजः ।
इति रुदति गणेशे स्मेरवक्त्रे च शम्भौ
गिरिपतितनयायाः पातु कौतूहलं वः ॥ १ ॥

अपि च

शशिभानुबृहद्भानुस्फुरत्त्रितयचक्षुषः ।
वन्दे शम्भोः पदाम्भोजमज्ञानतिमिरद्विपः ॥ २ ॥
द्वाः सर्वार्थसमागमस्य, रसनारङ्गस्थलीनर्तकी
तत्त्वालोकनकज्जलध्वजशिखा वैदग्ध्यविश्रामभूः ।
शृङ्गारादिरसप्रसादलहरीस्वर्लोकिकल्लोलिनी,
कल्पान्तस्थिरकीर्तिसम्भ्रमसखी सा भारती पातु वः॥३ ॥
गेहे गेहे कलौ काव्यं श्रोता तस्य पुरे पुरे
देशे देशे रसज्ञाता दाता जगति दुर्लभः ॥ ४ ॥

कीर्ति-लता

हिन्दी अनुवाद

(प्रथम पल्लव)

"पिता जी मुझे देवगंगा का मृणाल ला दीजिए," "पुत्र, वह मृणाल नहीं, वह तो सर्पराज है," इस बात पर गणेश जी रोने लगे और शंभु के मुख पर कुछ हँसी आ गई। यह देखकर पार्वती जी को बड़ा कौतूहल हुआ। वह कौतूहल तुम्हारा मंगल करे ॥ १ ॥

और भी

महादेव जी के चन्द्र, सूर्य और बृहत् अग्नि, ये तीन चमकती हुई आँखें हैं। वह अज्ञान रूपी अंधकार को नाश करते हैं। उनके चरणकमल की वंदना करता हूँ ॥ २ ॥

सरस्वती तुम्हारी रक्षा करे। वह सब अर्थ के आने के लिए (समझने के लिए) द्वार स्वरूप है, जिह्वा रूपी रंगस्थली पर वह नर्तकी के समान है। तत्व के दर्शन करने के लिए वह दीपक की शिखा के समान है और चतुराई की विश्राम-भूमि है। शृंगार आदि रस रूपी निर्मल तरंगों के लिए वह मंदाकिनी है। प्रलय तक स्थिर रहनेवाली कीर्ति की वह प्रिय सखी है ॥ ३ ॥

कलियुग में (तो) घर घर काव्य है (और) नगर नगर में उसे सुनने वाले हैं। देश देश में रस के जानने वाले हैं। (किन्तु) इस संसार में दाता दुर्लभ हैं ॥ ४ ॥

श्रोतुर्ज्ञातुर्वदान्यस्य कीर्तिसिंहमहीपतेः ।
करोतु कवितुः काव्यं भव्यं विद्यापतिः कविः ॥

दो०—तिहुअन खेत्तहि काञि तसु कित्तिवल्लि पसरेइ।
अक्खरखम्भारम्भओ मञ्चो बन्धि न देइ ॥ १ ॥
ते मोञे भलओ निरुढि गए, जइसओ तइसओ कव्व।
खल खेलब्बल दूसिहइ, सुअण पसंसइ सव्व ॥ २ ॥
सुअण पसंसइ कव्व मझु, दुज्जन बोलइ मन्द।
अवसओ विसहर विस वमइ, अमिअ पिमुकई चन्द॥३॥
सज्जन चिन्तइ मनहि मने मित्त कारिअ सव कोए।
मेअेक हन्ता मुज्झु जइ दुज्जन वैरि ण होए ॥४॥

बालचन्द विज्जावइभासा, दुहु नहि लग्गइ दुज्जन हासा।
ओ परमेसर हरसिर सोहइ, ई णिचइ नाअर मन मोहइ ॥

का परबोधओ कमण पणावओ[१]
किमि, नीरस मने रस लए लावओ।
जइ सुरसा होसइ मझु भासा,
जो बुज्झिह सो करिह पसंसा ॥

महुअर बुज्झइ कुसुम रस, कव्वकलाउ छइल्ल।
सज्जन पर उअआर मन, दुज्जन नाम मइल्ल ॥

---

१ यदि मराावओ पाठ होता तो अच्छा था।

महाराज कीर्तिसिंह (काव्य) सुनने वाले, दान देने वाले उदार हृदय तथा स्वयं काव्य रचना करनेवाले हैं। उनके लिए मनोरंजक (सुन्दर) काव्य कवि विद्यापति निर्माण करें (करते हैं ?) ॥५॥

दो० यदि अक्षर रूपी खंभ आरंभ करके मंच न बांध दिया जाय तो त्रिभुवन क्षेत्र में लता रूपी उनकी कीर्ति कैसे फैले ॥१॥

मेरा जैसा तैसा काव्य प्रसिद्धि प्राप्त कर ले मेरे लिए यही भला (बहुत) है। दुष्ट जन खेल के कपट से दोष निकालेंगे (किन्तु) सज्जन सब की प्रशंसा करेंगे ॥२॥

सुजन मेरे काव्य की प्रशंसा करते हैं, दुर्जन बोलते हैं यह मन्द (बुरा) है। सर्प अवश्य ही विष उगलता है तथा चन्द्रमा अमृत की वर्षा करता है ॥३॥

सज्जन सबको मित्र समझ कर मन ही मन (शुभ) चिन्ता करते हैं। 'यदि दुर्जन मुझे काट डाले अथवा मार डाले' तो भी बैरी नहीं' ॥४॥

बालचन्द्र और विद्यापति की भाषा इन दोनों को दुर्जन की हँसी नहीं लगती, (यतः) वह (चन्द्र) परमेश्वर महादेव के मस्तक पर विराज कर शोभा को प्राप्त है और यह (विद्यापति की भाषा) नित्य ही (सहृदय) नागरिकों का मन मोहती है।

मैं प्रबोध किस प्रकार करूँ, किस प्रकार जतला दूँ (मनाऊँ ?) नीरस मनमें किस प्रकार रस लाकर भर दूँ। यदि मेरी भाषा सुरस होगी, तो जो समझेगा वही प्रशंसा करेगा।

भ्रमर ही फूलों के रस का मूल्य समझता है, कला-विज्ञ पुरुष ही काव्य का रस ले सकता है। सज्जन का मन परोपकार में लीन रहता है (किन्तु) दुर्जन का मन (सदा) मलिन होता है।

---

१ यदि दुर्जन मेरा भेद कह दे (भेश्रक हन्ता को यदि भेश्र कहन्ता पढ़ें)

सक्कय वाणी बहुअ[1](न)भावइ, पाउँ अरस को मम्मन पावइ ।
देसिल वअना सब जन मिट्ठा, तँ[2] तैसन जम्पओ अवहट्ठा ॥

भृङ्गी पुच्छइ भिङ्ग ! सुन की संसारहि सार ।
मानिनि जीवन मान सओ वीर पुरुस अवतार ॥
वीर पुरुस कइ जम्मिअइ नाह न जम्पइ नाम ।
जइ उंच्छाहे फुर कहसि हओ आकण्डन[3] काम ॥

– किति[4] लद्ध[5] सूर सङ्गाम, धम्म पराअण हिअअ, विपअकम्प नहु दीन जम्पइ । सहज भाव सानन्द सुअण भुंजइ जासु संपइ । रहसें दव्व दए विस्सरइ । सत्तु सरुअ सरीर ।

एत्ते लक्खण लक्खिअइ पुरुप पसंसओ वीर ॥

जदौ-पुरिसत्तणेन पुरिसओ नहि पुरिसओ जम्ममत्तेन ।
जलदानेन हु जलओ नहु जलओ पुञ्जिओ धूमो॥
सो[6] पुरिसओ[7]जसुमानो सो पुरिसओ[8]जस्स अज्जने सत्ति ।
इअरो पुरिसाआरो[8] पुच्छविहूना पसू होइ ॥

---

१ शा० बुहअन, पाठ 'बहुअ न' उचित है ।

२ शा० तैं ।

३ शा० आकण्णन ।

४ शा० किचि, क० किद्दि० ५ शा० लुद्ध ।

६ ख० पोथी का यहां से 'श्रीगणेशायनम.' है । ७ पुरसो । ८ रिपुसाआरो । ६ विहुना ।

संस्कृत भाषा बहुत लोगों को (दुर्गम होने के कारण) भली नहीं लगती, प्राकृत भाषा रस का मर्म नहीं पाती[1]। देशी भाषा (वचन) सब लोगों को मीठी लगती है, इसी से अवहट्ट (अपभ्रंश) में रचना करता हूँ ॥

भृङ्गी पूछती है—"हे भृङ्ग सुनो, संसार में सार वस्तु क्या है ?" "हे मानिनि ! मान सहित जीवन और वीर पुरुष होना"। "यदि वीर पुरुष का कहीं जन्म हुआ है, तो नाथ ! नाम (क्यों) नहीं बोलते। यदि उत्साहपूर्वक स्फुट रूप से कहो तो मैं सुनना चाहती हूँ।"

"कीर्ति को प्राप्त किया हो, संग्राम में शूर हो, उसका हृदय धर्म परायण हो, विपत्ति कर्म (?) में भी दीन वाणी न बोले, सुजन जिसकी संपत्ति का आनन्दपूर्वक सहज ही भोग करें, जो गुप्तरूप दान करे और उसे भूल जाय और शरीर बलवान हो (?); इतने लक्षणों से युक्त पुरुष को वीर समझ कर उसकी प्रशंसा करता हूँ।

जदौ। सच्चा पुरुष वही है जिसमें पुरुषत्व हो केवल जन्म से ही कोई पुरुष नहीं होता। मेघ को जलद तभी कहेंगे जब वह जलदान करे। एकत्र किए हुए धूम को जलद नहीं कहते।

पुरुष वही है जिसका मान हो, पुरुष वही है जिसके धनोपार्जन शक्ति हो। और सब पुरुष के आकार के पशु हैं अन्तर केवल इतना ही है कि उनके पूँछ नहीं होती।

[१ शा० के पाठानुसार 'संस्कृत पण्डित लोग समझते हैं, साधारण जन उसका रस नहीं पाते'।]

पुरिस काहानी हओं[1] (कहओ) जसु पत्थावे पुराइ[2] ।
सुक्ख सुभोअन सुभवअण[3] देवहा[4] जाइ सपुन्न ॥
पुरुप हुअउँ[5] वलिराए जासु कर कहु[6] पसारिअ ।
पुरिस हुअउँ रघुतनअ जेन बले रावण मारिअ ॥
पुरिस भगीरथ हुअउँ जेन निअ[7] कुल उद्धरिउँ ।
परसुराम अरु पुरिस जेन खत्तिअ खअ करिअउँ ॥
अरु पुरिस पसंसओ[8] राय गुरु कित्ति सिंह गएणेस सुअ ।
जें सत्तु समर सम्मदि कहु वप्प वैर उद्धरिअ धुअ ॥
राय चरित्त रसाल एहु णाह न राखहिं[9] गोइ ।
कवन वंस को राय सो कित्तिसिंह को होइ ॥
तक्ककक्कस वेअ-पढ तिन्नि, दाने-दलिअ[10] दारिद,
परम-वह्म-परमत्थ बुज्झइ, वित्ते वटोरइ[11] कित्ति,
मत्ते सत्तु[12] सङ्गाम जुज्झइ ।
ओइनी वंस पसिद्ध जग को तसु करइ ण सेव ।
दुहु एकत्थ न पाविअइ भुअवै अरु भूदेव[13] ॥

---

१ सुपुरिस कहनी हौ कहउ । २ पुन्न० । ३ सुहवयन । ४ दिअहा ।
५ हुअनु (सब जगह) । ६ क० कन्ने । ७ णिअ । ८ पसशिय ।
९ राखेहु ।
१० दरै । २१ विथारै । १२ सचइल लागि ।
१३ पाये एक भुअवै भुअदेव ।

मैं उस पुरुष की कथा कहता हूँ जिसके प्रस्ताव से पुण्य हो, सुख हो, अच्छा भोजन मिले शुभ वचन मिलें तथा देव-लोक की प्राप्ति पुण्य के कारण हो।

राजा बलि थे पुरुष जिनके आगे कृष्ण (विष्णु) ने हाथ पसारा, रामचन्द्रजी थे पुरुष जिन्होंने (बाहु) बल से रावण को मारा, पुरुष थे भगीरथ जिन्होंने अपने कुल का उद्धार किया, और परशुराम थे पुरुष जिन्होंने क्षत्रियों का संहार किया। और एक और पुरुष की प्रशंसा करता हूँ— गणेश्वर के सुत राजाओं में श्रेष्ठ कीर्तिसिंह की जिन्होंने संग्राम भूमि में बैरी को तहस-नहस कर अपने पिता के बैर का बदला लिया।"

"इस राजा का चरित्र बड़ा रोचक है, नाथ उसे गुप्त न रक्खें। वह राजा किस वंश का है। कीर्तिसिंह कौन है।"

"(उस वंश के राजा) तर्क में कर्कश वेदपाठी, तीन प्रकार के दान से दरिद्रता के दलन करनेवाले, परम ब्रह्म परमार्थ जाननेवाले, धन से कीर्ति संचय करनेवाले, बल से युद्ध में शत्रु से लड़नेवाले।

(ऐसा) ओइनी नाम का वंश जग-प्रसिद्ध है, कौन उसकी सेवा नहीं करता। भुजपति (क्षत्रिय ?) और भूदेव (ब्राह्मन ?) और कहीं एकत्र नहीं देखे जाते।

जेन्हे खण्डिअ पुब्ब वलि कन्न, जेन्हे सरण परि
हरिअ, जेन्हे अथिजन विमन न किज्जिअ, जेइ अतत्थ[१]
भणिआ, जेइ न पाउँ उमग दिज्जिअ[२] ॥
ता कुल केरा बड्डिपन कहवा कवन[३] उँपाए।
जज्जम्मिअ उंप्पन्नमति कामेसर सन राए ॥

अथ छपद

तसु नन्दन भोगीसराअ, वर भोग पुरन्दर।
हुअ[४] हुआसन तेजिकन्ति कुसुमाउँह सुन्दर ॥
जाचक-सिद्धि केदार-दान पञ्चम वलि जानल।
पिअसख भणि पिअरोजसाह सुरतान समानल ॥
पत्तापे, दान, सम्मान गुणे, जे सव करिअउँअप्प वस।
वित्थरिअ कित्ति महिमण्डलहिँ कुन्द कुसुम संकास जस ॥
दोहा—तासु तनअ नअ विनअ गुन[५] गरुअ राए गएनेस।
जे पट्ठाइअ दसओ दिस कित्तिकुसुम संदेस ॥

---

१ क० जन्हि अतथे एहु भालअ।
२ क० जेन्हि पाजे जम्म गो दिजिअ।
३ क० कजोउ।
४ छन्द के लिए अ दीर्घ चाहिए।
५ क० नअ।

जिन्होंने पूर्वकाल के (दानी) बलि और कर्ण को दान में हरा दिया, जिन्होंने शरण नहीं ली जिन्होंने याचक जन को कभी निराश नहीं किया जिन्होंने असत्य नहीं कहा (और) जिन्होंने कुमार्ग में कभी पाँव नहीं दिया (क० जिनके चरणों में जन्म गँवा दिया जाय)

उस कुल का बड़प्पन किस उपाय से कहा जाय, जिसमें कामेश्वर के समान प्रौढ़ बुद्धि के राजा उत्पन्न हुए।

उनके (कामेश्वर के) पुत्र हुए भोगीसराय (भोगेश्वर)। यह इन्द्र के तुल्य वर भोगों के भोगनेवाले, यज्ञ होम करनेवाले तेजस्वी, कान्तिवाले, कुसुमायुध के समान सुन्दर थे। याचक जन के मनोरथ सिद्ध करने के कारण तथा क्षेत्र दान के कारण याचक उन्हें पाँचवाँ बलि (?) मानते थे। सुल्तान फीरोज शाह उनको 'प्रिय मित्र' कहकर आदर करते थे। उन्होंने अपने प्रताप, दान, सम्मान तथा गुण से सब को अपने वश में कर लिया था और कुन्द कुसुम के समान उज्ज्वल यश सारी पृथ्वी पर फैला दिया था।

उनके (भोगेश्वर के) पुत्र हुए गएनेसराय (गणेश्वर)। यह नीति, विनय तथा गुणों में गुरु थे और इन्होंने दशों दिशाओं को कीर्ति कुसुम रूपी संदेश भेजा था।

दाने गरुअ गएनेस जेन्ने[१] जाचक जन[२] रञ्जिअ।
मान गरुअ गएनेस जेन्हे रिउँ वड्डिम भञ्जिअ॥

सचें[३] गरुअ गएनेस जेन्हे[१] तुलिअओ[४] आखण्डल।
किचि गरुअ गएनेस जेन्हे[१] धवलिअ[५] महिमण्डल॥

लावन्ने[६] गरुअ गएनेस पुनु देक्खि स भासइ पचसर।
भोगीस तनअ सुपसिद्ध जग[७] गरुअ राए गएनेरा वर[८]॥

अथ गद्य॥ तान्हि करो पुत्र युवराजन्हि मांभ पवित्र, अगणेयगुणग्राम[१०] प्रतिज्ञापदपूरणैकपरशुराम मर्यादामङ्गलावास कविताकालिदास, प्रबल - रिपुबल सुभटसंकीर्ण[११]- समरसाहसदुर्निवार, धनुर्विद्यावैदग्ध्य[१२] धनञ्जयावतार, समाचरित[१३]- चन्द्र-चूडचरणसेव, समस्त प्रक्रियाविराजमान, महाराजाधिराज श्रीमद्वीरसिंह देव।

- तासु कनिट्ठ गरिट्ठ गुण किर्त्तिसिंह भूपाल।
मेइनि साहउ[१४] चिरजिअउ[१५] करौ धम्मपरिपाल।

---

१ जेन अथवा जेरा। २ मन। ३ सत्य। ४ तुलिअउ। ५ क० रिअउँ। ६ लावन्य। ७ गुन। ८ क० पर। ९ युवराजन्ह मह। १० नेक गुण ग्रामाभिराम। ११ सघट्ट सुभट्ट। १२ धनुर्विद्या। १३ समा-दित्य। १४ क० साहउँ। १५ क० चिरजिअउँ। १६ क० करउँ।

वह दान करने में गुरु थे जिससे याचकों को प्रसन्न करते थे। मान में गुरु थे जिससे शत्रु का बड़प्पन नष्ट कर देते थे। वह बल में गुरु होने के कारण इन्द्र के समान थे। उसकी कीर्ति बड़ी थी और उससे मही मंडल को उज्ज्वल करते थे। और वह सौन्दर्य में भी गुरु थे देखने से कामदेव जान पड़ते थे। भोगीस के पुत्र गएनेस जगत्प्रसिद्ध श्रेष्ठ महान् पुरुष थे।

उनके पुत्र हुए महाराजाधिराजा श्रीमद्वीरसिंहदेव, युवराजों में पवित्र, अगणित गुणों के भाजन, प्रतिज्ञा वचन पूरा करने में परशुराम, मर्यादा के शुभ निवासस्थान स्वरूप, कविता में कालिदास तुल्य प्रबल शत्रु सैन्य के वीरों के साथ तुमुल युद्ध में साहस करने में सदा अग्रसर, धनुर्विद्या की चातुरी में अर्जुन के अवतार, श्री महादेव के चरणों की सेवा करने वाले, सब शुभ रीतियों को निभाने वाले।,

उनके छोटे भाई उत्कृष्ट गुणशाली राजा कीर्तिसिंह पृथ्वी का शासन करें, चिरंजीवी हों तथा धर्म का प्रतिपाल करें॥

जेन्हे राजे अतुलतरविक्रम विक्रमादित्य करेओ तुलनाजे,[1] साहस साधि, पातिसाह आराधि दुष्टा करेओ[2] दप्प चूरेओ, पितृ वैरि उद्धरि साहि करो मनोरथ पूरेओ ॥ प्रबलशत्रु बलसंघट्टसम्मिलनसम्मर्दसंजातपदाघाततरलतर-तुरङ्ग[3] खुरक्षुन्नवसुन्धराधूलिसंभारघनान्धकारश्यामसमर-निशाभिसारिकाप्रायजयलक्ष्मी कर ग्रहण करेओ । बूडन्त राज्य उद्धरि धरेओ । प्रभुशक्ति दानशक्ति ज्ञानशक्ति तीनुहु शक्ति क परीक्षा जानलि । रूसलि विभूति पल-टाए आनलि । तन्हि करेओ अहंकार सारेओ प्रबलतुरवा-रिधारातरङ्गसंग्रामसमुद्रफेणप्राय यश उद्धरि दिगन्त विथरेओ ॥

ईशमस्तकविलासपेशला
भूपतिमाररमणीयभूषणा ।
कीर्तिसिंहनृपकीर्तिकामिनी
यामिनीश्वरकला जिगीषतु ॥

इति श्रीविद्यापतिविरचितायां कीर्त्तिलतायां प्रथमः पल्लवः ॥ १ ॥

---

१ तुलनाओ १ दुट्ठकरो । ३ क० तरङ्ग ।

जिस राजा ने अतुलनीय विक्रम में विक्रमादित्य से तुलना की। उसने साहस करके बादशाह की आराधना की और दुष्टों का घमण्ड चूर किया। अपने पिता के बैरी को निकाल कर बादशाह का मनोरथ पूर्ण किया। प्रबल रिपुदल के संघर्ष से पदाघात के कारण चंचल हुए घोड़ों के खुरों द्वारा दलित पृथ्वी से (उठा हुआ) धूलिसमूह रूपी घोर अन्धकार छा गया, उस अंधकार से समर रूपी निशा अँधेरी हो गई। इस निशा में अभिसारिका स्वरूप आती हुई जय लक्ष्मी का इस राजा ने पाणि-ग्रहण किया। डूबते हुए राज्य को उद्धार करके रक्खा। प्रभुशक्ति ज्ञानशक्ति ज्ञानशक्ति इन तीनों शक्तियों की परीक्षा जानी। रूठी हुई सम्पत्ति को लौटाल लाया। उसने अहंकार करके अपनी तलवार की तरल धारा तरंग से संग्राम रूपी समुद्र दूर हटाया और उसमें से यश रूपी फेन निकाल कर सब दिशाओं के अन्त तक फैलाया॥

राजा कीर्तिसिंह की कीर्ति रूपिणी कामिनी जयशालिनी हो। स्वामी के मस्तक पर विहार करने से वह सुन्दर है और अतुलनीय सम्पत्ति ही उसका सुन्दर भूषण है। अतएव वह वस्तुतः चन्द्रकला के तुल्य है यतः निशानाथ की कला भी महेश्वर के मस्तक पर विहार करने से सुन्दर है और भभूति रूपी भार ही उसका सुन्दर भूषण है (श्लेष साध्य रूपक)॥

श्री विद्यापति की रची हुई कीर्तिलता का
प्रथम पल्लव समाप्त हुआ॥ १॥

(द्वितीयः पल्लवः)

अथ भृङ्गी पुनः पृच्छति ।

किमि उँप्पन्नउँ[1] वैरिपण किमि उँद्धरिउँ[2] तेन ।
पुण्ण कहाणी पिअ कहहु[3] सामिअ सुनओ[4] सुहेण ॥
लक्खणसेन नरेश लिहिअ जवे पक्ख पंच वे ।
तम्महु[5] मासहि पढम पक्ख पञ्चमी कहिअजे[6] ॥
रज्जलुद्ध[7] असलान बुद्धि विक्कम वले हारल ।
पास वइसि विसवासि राए गएनेसर मारल ॥
मारन्त राए रण रोल[8] परु[9] मेइनि[10] हाहासद्द हुअ ।
